# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर साप्ताहिक समाचार पत्र




वर्ष–02 अंक–03 अमरोहा उत्तर प्रदेश

www.sabkasapna.com

सोमवार ● 02 दिसंबर से 08 दिसंबर 2024

पेज–08 मूल्य 5 रुपये

**जरूर पढ़ें**

### रुद्रप्रयाग में हैवान बने बेटे, पिता का मर्डर कर फूंक दी लाश

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड में रुद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में दो बेटों ने कथित तौर पर अपने पिता की हत्या कर कर लाश भी जला दी। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर दोनों बेटों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि गुप्तकाशी के पास त्रिवेणी घाट पर ग्राम बेडुला निवासी बलवीर सिंह राणा का चाय का खोखा था। वह अपने छोटे बेटे के साथ नदी से रेत भी निकालता था। तीन दिन पहले महाराष्ट्र से घर आए दूसरे बेटे के साथ किसी बात को लेकर बलवीर की तकरार हो गई। गुरुवार को ग्राम प्रहरी ने सूचना दी कि त्रिवेणी घाट में दो बेटों ने अपने पिता की हत्या कर दी है और बचने के लिए शव जला रहे हैं।

### उत्तराखंड में बढ़ाई गईं पैरा मेडिकल और नर्सिंग की 1 हजार सीटें, धामी सरकार ने दी मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड में पैरा मेडिकल और नर्सिंग के क्षेत्र में नौकरी के बढ़ते अवसरों से हेल्थ सेक्टर में पढ़ाई करने वाले छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है। पैरा मेडिकल और नर्सिंग कोर्स में छात्रों की बढ़ती दिलचस्पी को देखते हुए राज्य सरकार ने इस सत्र में एक हजार नई सीटों को मंजूरी दे दी है। राज्य में बीते कुछ वर्षों में कई नए सरकारी और प्राइवेट मेडिकल कॉलेज खुले हैं। नए अस्पताल भी खुल रहे हैं। इससे मेडिकल, पैरा मेडिकल व नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। सरकारी क्षेत्र में ही बीते एक साल में करीब पांच हजार युवाओं को जॉब मिल चुकी है।

# पंजाब में हिंसक होते–होते बचा किसान आंदोलन, कल तक स्थगित

## हरियाणा में घुसने पर पुलिस का ऐक्शन, सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले

चंडीगढ़, एजेंसियां

पंजाब से हरियाणा होते हुए दिल्ली में घुसने की कोशिश कर रहे किसानों ने अपना पैदल मार्च रविवार तक के लिए स्थगित कर दिया है।

किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों द्वारा दागे गए आंसू गैस के गोले के कारण कई किसान घायल हो गए हैं। इसकी वजह से किसानों ने रविवार तक के लिए दिल्ली की ओर अपना पैदल मार्च स्थगित कर दिया है। पंधेर ने कहा, 'कुछ किसानों के घायल होने के मदेनजर हमने आज के लिए जत्था वापस बुला लिया है।' किसान नेता ने दावा किया कि हरियाणा के सुरक्षाकर्मियों द्वारा आंसू गैस के गोले



दागे जाने के कारण पांच से छह प्रदर्शनकारी किसान घायल हो गए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि हमारे काफी नेता घायल हुए हैं। हमने जत्थे को वापस बुला लिया है। दिल्ली मार्च पर फैसला बाद में लिया जाएगा।

### किसानों को रोके जाने पर बजरंग पूनिया भड़के

दिल्ली जाने से किसानों को रोके जाने पर बजरंग पूनिया भड़क गए हैं। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि पहले जब किसान ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर दिल्ली आ रहे थे, तब आपने हल्ला मचाया कि ट्रैक्टर–ट्रॉली लेकर किसान न आएं, अगर आना है तो पैदल आएं, अब जब किसान पैदल आ रहे हैं, तो आपको इससे भी दिक्कत है। असल में समस्या ट्रैक्टर–ट्रॉली की थी ही नहीं, तुम्हें दिक्कत तो किसानों से है।

दरअसल 11 महीने से डटे किसानों ने आज शंभू बॉर्डर से पैदल ही दिल्ली कूच शुरू किया था। 101 किसानों का जत्था दिल्ली के लिए अंबाला के शंभू बॉर्डर से रवाना हुआ था, लेकिन पुलिस ने इन्हें रोक दिया क्योंकि किसानों को दिल्ली जाने की अनुमति नहीं मिली है।

इसके बाद किसानों ने बैरिकेड और कंटीले तार उखाड़ दिए। इस पर हरियाणा पुलिस ने उन्हें चेतावनी दी और आंसू गैस के गोले छोड़े, जिसमें 7 किसान घायल हुए हैं।

इस ऐक्शन के बाद सरवन सिंह पंधेर ने कहा कि किसान संगठनों के दो मंच संयुक्त किसान मोर्चा (गैर–राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा, एक बैठक के बाद अगले कदम के बारे में फैसला करेंगे। पंजाब और हरियाणा सीमा के शंभू बॉर्डर से 101 किसानों के एक जत्थे ने शुक्रवार को दिल्ली के लिए पैदल मार्च शुरू किया, लेकिन उन्हें कुछ मीटर बाद ही बहुस्तरीय अवरोधक लगाकर रोक दिया गया। सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारी किसानों को तितर–बितर करने और उन्हें अपने विरोध स्थल पर वापस जाने को मजबूर करने के लिए कई राउंड आंसूगैस के गोले दागे। किसान नेताओं ने दावा किया कि कुछ किसान घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। हरियाणा पुलिस ने किसानों से आगे न बढ़ने को कहा और भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने का हवाला दिया। अंबाला जिला प्रशासन ने जिले में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के गैरकानूनी रूप से एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया है। किसान फसलों के वास्ते न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के लिए मार्च कर रहे हैं। विभिन्न किसान यूनियन के झंडे थामे कुछ किसानों ने घग्गर नदी पर बनाए गए पुल पर सुरक्षाकर्मियों द्वारा लगाई गई लोहे की जाली को नीचे धकेल दिया।

## 3 वादे किए थे जो पूरा नहीं कर पाया: अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसियां

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकार किया है कि पिछले चुनाव के दौरान किए तीन वादे वह पूरा नहीं कर पाए हैं। आम आदमी पार्टी के मुखिया ने कहा कि यदि जनता उन्हें एक बार फिर मौका दिया तो वह इन कामों को पूरा करेंगे। केजरीवाल ने कहा कि अच्छी सड़कें, यमुना की सफाई और 24 घंटे साफ पानी का वादा वह पूरा नहीं कर पाए हैं।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहली बार अपने बंगला विवाद पर चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा है कि उन्हें किसी शीशमहल या बंगले से प्यार नहीं है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि वह सीएम आवास है और जब तक वह मुख्यमंत्री थे उस बंगले में रहे और जेल से निकलते ही सीएम पद के साथ वह बंगला भी छोड़ दिया।



अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को एबीपी न्यूज को दिए इंटरव्यू में शीशमहल से जुड़े आरोपों को लेकर जवाब दिया। एक सवाल के जवाब में पूर्व सीएम ने कहा, 'ना मुझे शीशमहल से प्यार है ना किसी बड़े मकान से प्यार है। आप खुद सोचिए मैं जेल में 177 दिन रहा। बहुत कठिन समय बिताया। एक काल कोठरी में रहा। यदि प्यार होता तो कुछ दिन और वहां का ऐशो आराम..., निकलते ही मैंने इस्तीफा दिया। पांच दिन के अंदर छोड़ दिया। मुझे कोई महल से प्यार नहीं। वह सीएम का घर है, जबतक सीएम था उस घर में था। जब एक्टिविस्ट था झुग्गियों में रहा। भगवान मुझे जिस रोल में रखेगा वहीं रखूंगा। सीएम तो सीएम के घर में रहेगा।' भाजपा आरोप लगाती रही है कि केजरीवाल ने मुख्यमंत्री आवास में अपनी सुख सुविधा पर सरकारी खजाने से करोड़ों रुपए खर्च किए। लाखों के टॉयलेट सीट और पर्दे लगाने के आरोप लगाए जाते हैं। केजरीवाल अब तक इन आरोपों पर चुप्पी साधे रहे। हालांकि कई बार पार्टी की ओर से यह कहा गया कि मुख्यमंत्री आवास काफी जर्जर हो गया था और उसके मरम्मत की आवश्यकता थी।

**कैलाश गहलोत पर क्या बोले**

कैलाश गहलोत के आम आदमी पार्टी छोड़ने के बाद पहली बार केजरीवाल ने उनका नाम लेकर जवाब दिया। केजरीवाल से जब पूछा गया कि क्यों उनके साथी रहे कैलाश गहलोत ने शीशमहल का आरोप लगाया और पार्टी छोड़ दी, तो उन्होंने कहा, 'कैलाश गहलोत क्यों छोड़ गए यह सारा देश जानता है। लोग दूसरी पार्टियों से क्यों भाजपा में जाते हैं यह सबको पता है, पूरा देश जानता है। मुझे इस मामले में और कुछ नही कहना।'

## शर्मसार, 74 साल के किराना दुकानदार ने 14 साल की लड़की से किया दुष्कर्म

हरिद्वार, एजेंसियां

उत्तराखंड के हरिद्वार में 74 साल के एक किराना दुकानदार द्वारा 14 वर्षीय किशोरी से दुष्कर्म करने का शर्मनाक मामला सामने आया है। रानीपुर थाना पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में पुलिस को आरोपी के खिलाफ अहम साक्ष्य मिले हैं।

पुलिस ने बताया कि एक बुजुर्ग महिला ने बुधवार को पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी कि मंगलवार को उसकी 14 वर्षीय पोती घर के पास एक दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। काफी समय गुजरने के बाद भी जब पोती वापस लौटकर नहीं आई तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। आरोप है कि किराना कारोबारी



उपेंद्र चौधरी उस वक्त अपने घर के अंदर से निकल रहा था।

आरोप है कि महिला ने जब अपनी पोती के दुकान पर आने के संबंध में पूछा तो उसने पोती को घर के अंदर से बाहर बुलाया था। आरोप है कि दुकान के अंदर उसकी पोती से जबरन दुष्कर्म किया गया था। यही नहीं किशोरी द्वारा विरोध करने पर उसे गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी गई थी। आरोप है कि लड़की के विरोध करने पर किराना कारोबारी अभद्रता पर उतर आया था। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच के बाद आरोपी दुकानदार को पॉक्सो, दुष्कर्म समेत संबंधित धाराओं में गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस को उसके खिलाफ कई साक्ष्य मिले हैं। बताया कि किशोरी के कोर्ट में बयान दर्ज कराए जा रहे हैं।

वहीं, हरिद्वार के ही एक अन्य मामले में महिला सहकर्मी से दोस्ती कर दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे पांच हजार के इनामी आरोपी सचिन कुमार को रानीपुर पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी ने जानकारी दी कि पिछले माह महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वह एक फैक्ट्री में काम करती है।

## भारत से दुश्मनी करने पर उतारू बांग्लादेश, वापस बुला लिए दो डिप्लोमैट

नई दिल्ली, एजेंसियां

बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार हटने और मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार बनने के बाद ही भारत के साथ रिश्ते बिगड़ते ही जा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह है बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार। साफ दिखाई देता है कि ना केवल बांग्लादेश की सरकार बल्कि कोर्ट भी हिंदुओं के खिलाफ साठगांठ कर रहा है। वहीं भारत की सख्ती पर अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का दिखावा करता है। अब बांग्लादेश ने एक और ऐसा कदम उठाया है जिससे उसका चीन और पाकिस्तान प्रेम छिपा नहीं रहा। बांग्लादेश ने भारत से अपने दो डिप्लोमैट्स को वापस बुला लिया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक बांग्लादेश ने कोलकाता में बांग्लादेश ने कोलकाता में उसके उप उच्चायुक्त शिकदार



मोहम्मद अशफरुल रहमान और अगरतला में असिस्टेंट हाई कमिश्नर आरिफ मोहम्मद को वापस बुला लिया है। बता दें कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार और पुजारियों की गिरफ्तारी के बाद भारत के लोगों में भी आक्रोश देखने को मिल रहा है। हाल ही में त्रिपुरा की राजधानी अगरतला में बांग्लादेश के राजनयिक मिशन में तोड़फोड़ की घटना हुई थी। इसके बाद सरकार ने कुछ पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई भी की थी। वहीं सात लोगों को हिरासत में लिया गया था। इसके बाद बांग्लादेश ने विरोध किया और अगलतला में काउंसलर सर्विस बंद करने का ऐलान कर दिया। अब उसने अपने डिप्लोमैट को भी ढाका वापस बुला लिया है।

कोलकाता में बांग्लादेश के उप उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर कहा, ''कोलकाता में हमारे कार्यालय के बाहर जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद अशरफुर रहमान को बातचीत के लिए तत्काल बुलाया गया है। इसके अलावा, वह अगले सप्ताह दोनों देशों के बीच होने वाली विदेश सचिव स्तर की वार्ता के दौरान प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगे। वह इस महीने के मध्य तक वापस आ जाएंगे।'' बता दें कि पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा दोनों की ही सीमाएं बांग्लादेश के साथ लगी हुई हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि बांग्लादेशी सरकार ने कहा है कि उसके दो डिप्लोमैट आगे के निर्देशों तक ढाका में रहकर ही काम करेंगे। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कई नेता भारत के खिलाफ जहर उगल रहे हैं। हाल ही में पार्टी के नेता रुहुल कबीर रिजवी ने अपनी पत्नी की भारतीय साड़ी को जलाकर विरोध किया था।

## दो कमरों के मकान का विवाद, 24 घंटे में खत्म हुआ पूरा परिवार, पहले पिता फिर दो बेटों ने भी खत्म की जिंदगी

बांकेगंज (लखीमपुर), एजेंसियां

जमीन–जायदाद का लालच अच्छे–खासे परिवार में फूट डलवा देता है। जमीन–जायदाद के चक्कर में पिता–पुत्र और मां–बेटा तक एक–दूसरे के दुश्मन बन जाते हैं। कहीं–कहीं ये दुश्मनी एक–दूसरे के खून की प्यासी बन जाती है तो कई परिवार बिछड़ने के डर से खुद ही दुनिया को छोड़ देते हैं। यूपी के लखीमपुर खीरी में भी कुछ इसी तरह का मामला सामने आया है। महज दो कमरों का मकान। आगे पड़ा हुआ छप्पर। सिर्फ इतनी सी संपत्ति के विवाद में 24 घंटे के अंदर पूरा परिवार खत्म हो गया। पहले बुजुर्ग पिता ने आत्महत्या की। पिता की चिता की आग अभी ठंडी भी नहीं हो पाई थी कि ठीक अगले दिन दो युवा बेटों ने जान दे दी। इन सभी की आत्महत्या की वजह मकान के विवाद में रिश्तेदार महिला सिपाही के परिवार और चौकी



पुलिस की प्रताड़ना बताई जा रही है। गोला–बांकेगंज रोड पर गोला गोकर्णनाथ तहसील के गांव बाबूपुर निवासी 63 वर्षीय रामनरेश का शव गुरुवार की सुबह घर के छप्पर में लटका मिला था। बेटे सुधीर ने पुलिस को तहरीर देकर लखनऊ में तैनात महिला सिपाही आरती देवी, उसकी मां रामदेवी, बहन शशिबाला और भाई शिवम के खिलाफ गुरुवार को ही केस दर्ज कराया था। इसमें उसने जमीन और मकान के झगड़े में उसके पिता रामनरेश के उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया था। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पिता की आत्महत्या से आहत बेटे सुधीर और मुकेश ने भी शुक्रवार को आत्महत्या कर ली। इसके बाद पुलिस की नींद खुली। आला अफसर मौके की ओर दौड़े तो स्थानीय पुलिस ने महिला सिपाही समेत चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

अब घर में नहीं बचा कोई, पसरा सन्नाटा पहले पिता, फिर दो बेटों की मौत के बाद घर में सन्नाटा पसरा है। अब घर में कोई बचा ही नहीं है। राम नरेश की एक बेटी शिल्पी देवी है, जो शाहजहांपुर में ब्याही है। वह पिता की मौत की सूचना पर गुरुवार को आई थी। शुक्रवार को उसे भाइयों की मौत की खबर मिली। शिल्पी देवी ने दिखाया कि छप्पर के नीचे एक बाइक खड़ी है।

**दोषी को सजा सुनाकर अदालत ने न्याय की मिसाल पेश की है**

## 61 दिनों में न्याय, 9 साल की बच्ची के दोषी को सुनाई फांसी की सजा

नई दिल्ली, एजेंसियां

पश्चिम बंगाल के जयनगर में 9 वर्षीय बच्ची के साथ हुए रेप और हत्या के मामले में मुजरिम को अदालत ने मौत की सजा सुनाई है। घटना के महज 61 दिनों के भीतर दोषी को सजा सुनाकर अदालत ने न्याय की मिसाल पेश की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हृदयविदारक घटना 4 अक्टूबर को दक्षिण 24 परगना के जयनगर इलाके में हुई थी, जब बच्ची ट्यूशन से घर लौट रही थी। आरोपी ने उसे रोककर पहले रेप किया और फिर उसकी हत्या कर दी। बच्ची के घर न पहुंचने पर परिवार ने उसी रात जयनगर पुलिस स्टेशन में उसकी गुमशुदगी की



रिपोर्ट दर्ज कराई।पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और चश्मदीदों के बयानों की मदद से महज 2.5 घंटे के भीतर आरोपी की पहचान कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और पीड़िता के शव का पता बताया, जिसे उसी रात बरामद किया गया।तत्परता के साथ जांच सुनिश्चित करने के लिए पांच सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। जांच केवल 25 दिनों में पूरी कर ली गई और 30 अक्टूबर को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया। 4 नवंबर को सुनवाई शुरू हुई, जिसमें अदालत ने 36 गवाहों के बयान दर्ज किए। 26 नवंबर को मुकदमे की कार्यवाही पूरी हुई और शुक्रवार को बारुईपुर की पोक्सो अदालत ने दोषी को मौत की सजा सुनाई।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने फैसले की सराहना करते हुए कहा, ₹61 दिनों के भीतर दोषी को मौत की सजा देना राज्य में अभूतपूर्व है। यह न्यायपालिका, पुलिस और अभियोजन पक्ष के समर्पण को दर्शाता है। हमारी सरकार महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर जीरो टॉलरेंस नीति जारी रखेगी। राज्य अभियोक्ता बिवास चटर्जी ने कहा, न्याय केवल 61 दिनों में संभव हो सका क्योंकि वैज्ञानिक और भौतिक साक्ष्य प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए गए और सुनवाई में कोई विलंब नहीं किया गया।वहीं अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सुब्रत चटर्जी ने दोषी को बीएनएस अधिनियम और पोक्सो अधिनियम के तहत मौत की सजा सुनाई। इसके अलावा, दोषी को आजीवन कारावास और 12 साल की अतिरिक्त सजा के साथ 10 लाख रुपये का मुआवजा पीड़िता के परिवार को देने का भी आदेश दिया गया।

## भारत ने पाकिस्तान को 26/11 का जवाब नहीं दिया था, अब हमने दिया है: जयशंकर

नई दिल्ली, एजेंसियां

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आज कहा कि भारत अब आत्मरक्षा के मामले में पहले जैसा नहीं रहा। जयशंकर ने 2008 के मुंबई 26/11 आतंकी हमलों के बाद तत्कालीन सरकार की प्रतिक्रिया को लेकर आलोचना की। जयशंकर ने कहा कि पहले, भारत ने 26/11 का जवाब नहीं दिया। लेकिन अब हमने उरी और बालाकोट हमलों के साथ पाकिस्तान को जवाब दिया है।

'इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2024' में बोलते हुए जयशंकर ने कहा, ₹ भारत ने 26/11 (मुंबई आतंकी हमले) को अब पीछे छोड़ दिया है। अब हम उरी और पुलवामा जैसे आतंकी हमलों के लिए पाकिस्तान को जवाब दे रहे हैं। किसी को भी उम्मीद नहीं थी कि हम जी20 शिखर सम्मेलन (मेजबान) से पीछे हट जाएंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। क्योंकि आज का



भारत पीछे हटना और पीछे मुड़कर देखना नहीं चाहता। आज का भारत सिर्फ आगे बढ़ना जानता है।

सितंबर 2016 में, जम्मू–कश्मीर के उरी में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी संगठन जैश–ए–मोहम्मद (जेईएम) द्वारा किए गए हमले में 19 भारतीय सैनिकों की मौत के बाद भारत ने नियंत्रण रेखा के पार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकवादी ठिकानों पर सर्जिकल स्ट्राइक की। फरवरी 2019 में, पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर जैश–ए–मोहम्मद के आतंकवादी के आत्मघाती हमले में 40 जवानों के शहीद होने के बाद भारत ने पाकिस्तान के बालाकोट में एयरस्ट्राइक कर आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया।

# चारपाई पर पड़ा मिला किशोरी का शव





**अमरोहा(सब का सपना)।सौरभ गोस्वामीः-** जनपद के थाना क्षेत्र गजरौला के अंतर्गत एक गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब नाबालिग का शव उसके ही कमरे में चारपाई पर पड़ा मिला। नाबालिग के कपड़े अस्त व्यस्त हालत में थे। वहीं स्थानीय लोग किशोरी के गैंगरेप के बाद गला घोटकर हत्या की आशंका जाता रहे हैं। मामले को लेकर पुलिस को सूचना दी गई है।सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक थाना गजरौला इलाके के एक गांव में रहने वाली नाबालिग अपनी मौसी के यहां किसी कार्यक्रम में गई थी। कार्यक्रम में वह डीजे पर डांस करने के दौरान अपने घर वापस लौटी थी। 5 दिन पूर्व ही किशोरी के माता-पिता मजदूरी करने के लिए राजस्थान दादरी इलाके में गए थे। घर पर सिर्फ किशोरी की बड़ी बहन और उसके दो भाई थे। मंगलवार सुबह करीब 5:00 बजे के आसपास किशोरी का सब उसके ही घर पर चारपाई पर पड़ा हुआ मिला। जिसके बाद गांव में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने गैंगरेप के बाद गला घोटकर हत्या करने की आशंका जताई है। हालांकि इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने जानकारी देते हुए कहा है कि किशोरी की हत्या की सूचना मिली थी जिसमें पुलिस मौके पर पहुंच गई थीं शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

एक नजर

## मेरी छवि धूमिल करने की कोशिशः हरपाल सिंह



**गजरौला (सौरभ गोस्वामी) सब का सपनाः-** पूर्व विधायक हरपाल सिंह ने डीएम व एसपी को संबोधित शिकायती पत्र में कुछ लोगों पर अपनी छवि खराब करने के लिये झूठे आरोप लगाने की बात कही है। उन्होंने पुलिस से उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग भी की है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह द्वारा शिकायती पत्र में बताया गया है कि नाईपुरा निवासी संजीव कुमार व अनिल कुमार आदि ने उनके विरूद्ध अपर जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर खाद के गड्ढे की भूमि पर कब्जा कराने का आरोप लगाया था, जबकि यह आरोप बिल्कुल बेबुनियाद है। उन्होंने उल्लेख किया है कि लेखपाल द्वारा उस भूमि की जांच की गई संबंधित भूमि को श्रेणी। क की सम्पत्ति बताते हुए सक्रमणीय भूमिधरों के नाम दर्ज होना बताया गया है। पूर्व विधायक हरपाल सिंह के मुताबिक संजीव कुमार व अनिल कुमार द्वारा जो आरोप उन पर लगाए गए हैं, वे झूठे हैं। उन्होंने डीएम व एसपी से इनके खिलाफ आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।



## नोएडा भूमि अधिग्रहण आंदोलन में भाग लेने जा रहे किसानों को पुलिस ने बैरेकैडिंग लगाकर रोका

**गजरौला संवाददाता, सबका सपना (सौरभ गोस्वामी)**नोएडा भूमि अधिग्रहण को लेकर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन में भाग लेने जा रहे किसानों को पुलिस ने चौपला पर बैरेकैडिंग लगाकर रोक लिया।

काफी देर तक किसानों व पुलिस के बीच खींचतान होती रही। सूचना मिलते ही एसडीएम चंद्रकांता व सीओ धनौरा श्वेताभ भास्कर भी चौपला पहुंच गए। उन्होंने किसानों को नोएडा न जाने की अपील की। जिसके बाद किसान थाने पहुंचे। बता दें कि दिल्ली में किसान आंदोलन रत हैं। बुधवार की सुबह भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसान दिल्ली रवाना होने के लिये चौपला चौराहे पर पहुंचे ही थे, कि पुलिस ने उन्हें बैरेकैडिंग लगाकर रोक लिया। काफी देर तक किसानों व पुलिस के बीच खींचतान होती रही। सूचना मिलते ही एसडीएम चंद्रकांता व सीओ श्वेताभ भास्कर पहुंच गए। उन्होंने किसानों को समझा बुझाकर शांत किया। काफी देर तक चौपला क्षेत्र में जाम की स्थिति बन गई। यहां के बाद किसानों ने थाने पहुंचे, जहां से एक बजे के बाद उन्होंने रवानगी की। काफी देर तक किसानों व पुलिस के बीच खींचतान होती रही।इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष दानवीर सिंह उर्फ पिंटु चौधरी, मंडल अध्यक्ष श्योवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष देशराज सिंह, युवा जिला अध्यक्ष मोहित बेनिवाल, मंडल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र चौधरी, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## गुस्साये किसानों ने गन्ने की होली जलाई

**अमरोहा(सब का सपना):** जनपद अमरोहा में बृहस्पतिवार को भारतीय किसान यूनियन चौधरी करतार सिंह गुट के कार्यकर्ता ग्राम चकमादीपुर में स्वर्गीय चौधरी करतार सिंह की प्रतिमा पर एकत्र हुए अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा गन्ने का रेट घोषित नहीं किया गया है जबकि चीनी मीले काफी दिनों से संचालित है और किसनोकी पर्चियो पर रेट अंकित नहीं किया जा रहा है पर्चियो पर जीरो लिखा हुआ आ रहा है इससे गुस्साये किसानों ने आज गन्ने की होली जलाई और राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह ने कहा की प्रशासनिक अधिकारियों को सेटेलाइट द्वारा किसानो की पत्ती व पुरानी तो दिखाई देती है लेकिन गांव में जो जल निगम द्वारा सड़के तोड़ी गई हैं व आवारा पशु जो किसानों की फसल को बर्बाद कर रहे हैं प्रशासन की सेटेलाइट में दिखाई नहीं देते जिला अध्यक्ष सुखलाल सिंह ने गन्ने के रेट को लेकर कहा कि यह आंदोलन लगातार जारी रहेगा और युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जगदीश सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कुछ समय पहले गन्ना क्रय केदो को जीरो बैलेंस पर कराया था लेकिन अब गन्ना क्रय केंद्रों पर घलतोलीक की जा रही है मिले शासन के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ा रही हैंआज के इस कार्यक्रम में भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह,जिला अध्यक्ष चौधरी जय सुखलाल गिल,युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जगदीश सिंह, राजकुमार सिंह; महेंद्र सिंहः धर्मवीर सिंह राजेंद्र सिंह नरेश सिंह होशियार सिंह सैनी ओमवीर सिंह रणवीर सिंह जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## बड़े बकायेदारों से वसूली जमा कराने के लिये जारी करें नोटिस



**अमरोहा।** पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार द्वारा पालिका करों की वसूली के सम्बन्ध मे बैठक ली गयीं। जिसमे पालिका के कर अनुभाग द्वारा की जा रही वसूली संतोषजनक पाए जाने पर 3 वसूलीकर्ताओं के वेतन पर अग्रिम आदेशों तक रोक लगायी गयीं।

अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए की तीन दिवस के अंतर्गत समस्त बड़े बकायेदारों को वसूली जमा कराये जाने हेतु नोटिस जारी किये जाएँ, निर्धारित समयन्तार्गत पालिका कोष मे बकाया कर जमा न करने वाले बड़े बकायेदारों के विरूद्ध बकाया करो की वसूली हेतु आर. सी. जारी करने की कार्यवाही की जाये। समस्त राजस्व निरीक्षक अपने अपने वाडों मे स्थित आवासीय व अनावसीय भवनो की संख्या सहित आगामी 03 दिवस मे आख्या दे। एक लाख व उससे अधिक के बकायदारों की सूची तैयार कर प्रस्तुत करें। समस्त कर अमीन / वसूलीकर्ता / राजस्व निरीक्षक दोपहर 03 बजे तक अपने अपने वसूली क्षेत्रों मे उपस्थित रहकर वसूली कार्य करेंगे। एवं उसके उपरांत ही पालिका मे अपनी वसूली जमा करेंगे। पालिका सीमा क्षेत्र का विस्तार हो जाने के फलस्वरुप सर्वे करके विज्ञापन पट आदि विज्ञापन/ प्रचार सामग्री लगाए जाने हेतु उचित स्थानों का चयन कर सूची प्रस्तुत करें।

## फर्जीवाड़ाःधन के लालच में पिता द्वारा बेची गई जमीन को पुत्र ने फिर से बेचा पीड़ित परेशान

**नौगांवा सादात/अमरोहा (सब का सपना) शोसिंह सैनीः-** थाना क्षेत्र के अंतर्गत 2008 में हाफिज कयामुद्दीन और मोहम्मद रजा से गाटा संख्या 454 में नफीसा ने जमीन खरीदी थी। जिसके कुछ समय पश्चात विक्रेता की मृत्यु हो गई। लेकिन मृत्यु के पश्चात मृतक के पुत्र द्वारा द्वारा थाना क्षेत्र के ही रहने वाले जलालुद्दीन अंसारी को वहीं जमीन फिर से बेच दी गई।

जब पूरे मामले की जानकारी नफीसा और उसके परिजनों को चली तो उन्होंने सिविल न्यायालय में मामले को पंजीकृत करा दिया। लेकिन उसके बाद भी द्वितीय पक्ष जलालुद्दीन के द्वारा जमीन पर अवैध तरीके से निर्माण करने का कार्य किया जा रहा है।

हालांकि पीड़ित ने पूरे मामले को लेकर अधिकारियों से लेकर कोर्ट तक के दरवाजे खटखटाए हैं और न्याय की गुहार लगाई है।

लेकिन वहीं दूसरी तरफ दबंगों के द्वारा




दबंगई के बल पर अवैध तरीके से निर्माण कार्य लगातार कराया जा रहा है। पूरे मामले को लेकर पीड़ित पक्ष ने प्रशासन और योगी सरकार से गुहार लगाते हुए वीडियो वायरल कर इंसाफ की मांग की है।



## जोया ब्लाक स्तरीय परिषद विद्यालयों कक्षा 1 से 8 के खेलों का आयोजन

**अमरोहा(सब का सपना):** जनपद अमरोहा के जोया ब्लाक स्तरीय परिषद विद्यालयों कक्षा 1 से 8 के खेलों का आयोजन सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर के मैदान में हुआ' जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों शिक्षक विधायक खंड शिक्षा अधिकारी प्रकाश सिंह जी ने हरी झंडी दिखाकर खेलों को शुभारंभ किया ' सर्वप्रथम मुख्य अतिथि ने सरस्वती मां के आगे दीप प्रज्वलित किया ' मुख्य अतिथि के स्वागत के लिए रामपुर घना की छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। समस्त खेलों का आयोजन कोच एवं ब्लॉक व्यायाम शिक्षक पुरुजीत सिंह के दिशा निर्देश के अनुसार किया गया। इस अवसर पर विजयवीर सिंह मंडल अध्यक्ष भाजपा जोया विशेष आमंत्रित अतिथि रहे। शिक्षक विधायक डॉ हरि सिंह ढिल्लों ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें खेलों को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए खेलों में बच्चों का शारीरिक मानसिक विकास होता है हमें सरकारी योजनाओं का लाभ लेते हुए अधिक से अधिक विद्यालयों में खेलों का आयोजन करना चाहिए। जिससे बच्चे प्रदेश स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा में भाग ले सके इस अवसर पर समस्त अ फढएवं शिक्षक संकुल उपस्थित रहे। मंच का संचालन डॉ विजेंद्र सिंह और जयदीप चौधरी ने संयुक्त रूप से किया। खेलों के आयोजन में जयदीप चौधरी, विजेंद्र सिंह ,मोहम्मद हसन ,संगीता सिंह ,विशाखा सिंह, कंचन मालासी, मंजू सिंह, दीपा नेगी, काजल, रश्मि, इशा अमित , रहबर राजा ,जमशेद शरीफ रामकिशोर सिंह अंजुम फराना सारिका शर्मा तरुण सोमदेव अंकित राजदीप राहुल रिजवान अली शाहनवाज साबरी रिजवान अली मुकेश चौधरी भूपेंद्र सिंह इंद्र शादी मौजूदरहे।

## ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने दिखाएं अपने जौहर

**अमरोहा(सब का सपना):** जनपद अमरोहा में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन र.छ.ख.डिग्री कालेज हाकमपुर के मैदान पर किया गया। खेलों का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, ब्लाक प्रमुख राजेन्द्र सिंह खड़गवंशी एवं कालेज के प्रबंधक संजय भाटी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर एवं हरी झंडी दिखाकर किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में ब्लॉक के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। उपस्थित सभी अतिथियों का खंड शिक्षा अधिकारी गंगेश्वरी अनिल कुमार ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है।खेलों से ही छात्र छात्राओं का शारीरिक विकास होता है।हमें खेलों को खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। इसके अलावा खेलकूद कार्यक्रम को प्रबंधक एस एल




जे संजय भाटी, ब्लॉक प्रमुख गंगेश्वरी राजेंद्र सिंह खड़कवंशी,भाजपा नेता रविराज सिंह ने भी संबोधित किया।

खेलकूद प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे।

50 मीटर दौड़ में योगेश प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम व सतवीर प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय द्वितीय स्थान पर रहा। 100 मीटर दौड़ में लव प्राथमिक विद्यालय बुखारीपुर प्रथम व सूफियान संविलियन विद्यालय बुरावली द्वितीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में योगेश प्राथमिक विद्यालय रहरई प्रथम व अक्षु प्राथमिक विद्यालय देहरी गूर्जर द्वितीय स्थान पर रहा। प्राथमिक स्तर कबड्डी में संविलियन विद्यालय छपना की टीम प्रथम जबकि खो-खो में प्राथमिक विद्यालय शीतला सराय की टीम प्रथम स्थान पर रही।50 मीटर दौड़ में फिजा प्राथमिक विद्यालय दढियाल प्रथम व राजेश्वरी प्राथमिक विद्यालय निरयावली भूड़ द्वितीय स्थान पर रही। 100 मीटर दौड़ में रूबी प्राथमिक विद्यालय बांसका कलां प्रथम व मोनिका प्राथमिक जीवपुर द्वितीय स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में मोनिका प्राथमिक विद्यालय जीवपुर प्रथम व रूबी प्राथमिक विद्यालय बांसका कलां द्वितीय स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में लक्ष्मी प्राथमिक विद्यालय ढवारसी की मढैय्या प्रथम स्थान व काजल प्राथमिक विद्यालय खैलिया की मढैय्या द्वितीय स्थान पर रही। कबड्डी में प्राथमिक विद्यालय छपना की टीम प्रथम एवं प्राथमिक विद्यालय गुलामपुर की टीम ।

# संभल में तीसरे दिन भी चलाया गया सर्च आपरेशन

**संभल। (बॉबी कुमार) :** संभल में हिंसा के बाद सर्च आपरेशन में दो दिन पहले पाकिस्तान निर्मित 9 एमएम व यूएस निर्मित 12 बोर करतूसों की बरामदगी के बाद गुरुवार को हिंसा वाली जगह के निकट एक कब्रिस्तान में सर्च आपरेशन चलाया गया तो वहां से चार कारतूस खोखे बरामद हुए। इनमें दो कारतूस 12 बोर के बरामद हुए तो दो कारतूस यूएस निर्मित 7.65 बोर के मिले जो भारत में प्रतिबंधित हैं। सर्च आपरेशन में अब तक कुल 10 कारतूस बरामद किये जा चुके हैं।

संभल में 24 नवम्बर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हुई हिंसा के बाद पुलिस उन जगहों पर सर्च आपरेशन चला रही है जहां से पथराव व फायरिंग की गई थी। मंगलवार को सर्च आपरेशन के दौरान नाली से चार यूज्ड कारतूस मिले थे जिसमें एक 9एमएम कारतूस पाकिस्तान निर्मित था। गुरुवार को जामा मस्जिद से कुछ दूर उस कब्रिस्तान में सर्च आपरेशन चलाया गया जहां उपद्रवी एकत्र हुए थे। सर्च के दौरान पहले 12 बोर के दो यूज्ड कारतूस बरामद हुए जबकि कुछ देर बाद 7.65 बोर का एक और कारतूस खोखा बरामद हो गया। घंटों तक कार्रवाई चली तो 7.65 बोर का एक और यूज्ड कारतूस मिट्टी में दबा नजर आया।इस तरह गुरुवार के आपरेशन में चार यूज्ड कारतूस बरामद हुए। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि आज एक घटनास्थल से 7.65 बोर दो फायर केस मिले हैं। उसके साथ दो 12 बोर के कार्टेज मिले हैं। जो 7.65 बोर के कार्टेज है वह इंडिया मेड नहीं हैं बल्कि यूएस मेड हैं। अभी तक कुल 10 कारतूस खोखा बरामद हुए हैं। इनमें से एक मिस फायर कारतूस है बाकी खोखे हैं।फॉरेंसिक टीम ने उन्हें सील कर दिया है। यह बैलेस्टिक एक्सपर्ट के पास भेजे जाएंगे। वहां से उनकी राय आने के बाद पुलिस की विवेचना में उन्हें शामिल किया जाएगा।



## संभल हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर आज लगाएगा जिला प्रशासन

**संभल। (बॉबी कुमार) :** संभल में 24 नवंबर को मुगलकालीन मस्जिद के सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर जिला प्रशासन गुरुवार को जारी करेगा। संभल के जिला मजिस्ट्रेट राजेंद्र पेसिया ने बताया, 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद 400 से अधिक उपद्रवियों की पहचान कर ली गई है और अभी तक 32 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया, अब तक 400 से अधिक लोगों को चिन्हित किया जा चुका है।

आज पोस्टर लग जाएंगे। आज ही दोपहर तीन बजे शांति समिति की बैठक है जिसमें यह चर्चा की जाएगी कि कितने लोगों के पोस्टर लगाए जाएं।यह पूछे जाने पर कि कितने लोगों के पोस्टर लगेंगे, उन्होंने कहा, अभी हम डिजाइनिंग कर रहे हैं और इसे अंतिम रूप दे दिया जाएगा। 400 लोगों को चिन्हित किया जा चुका है। पकड़े गए लोगों को छोड़कर बाकी लोगों के पोस्टर लगाए जाएंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या इस मामले में विदेशी फंडिंग की भी बात सामने आ रही है, उन्होंने कहा कि किसी भी चीज से इनकार नहीं किया जा सकता। अभी जांच चल रही है।

उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने 27 नवंबर को कहा था कि वह संभल हिंसा में शामिल लोगों के पोस्टर बनवाएगी और सार्वजनिक संपत्ति के नुकसान की भरपाई कराएगी तथा पथराव करने वालों के पोस्टर सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जाएंगे।

संभल पुलिस इस हिंसा में शामिल लोगों की कई तस्वीरें पहले ही जारी कर चुकी है। इन फोटोग्राफ में नौ व्यक्तियों की पहचान की गई और जिन लोगों ने चेहरे पर नकाब लगा रखी है, उनकी पहचान के लिए लोगों से मदद मांगी गयी है।

संक्षेप खबरें

## जेठ और भांजे ने किया महिला के साथ रेप

**मुरादाबाद।** पति की गैरमौजूदगी में जेठ और भांजे ने महिला के साथ दुष्कर्म किया। शिकायत करने पर उसकी अश्लील फोटो वायरल करने और जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता की शिकायत पर डीआईजी के आदेश से नागफनी थाना पुलिस ने बिजनौर निवासी आरोपी जेठ समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।



नागफनी थाना क्षेत्र निवासी महिला ने डीआईजी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसका निकाह 27 फरवरी 2018 को बिजनौर के नजीबाबाद थाना क्षेत्र निवासी युवक से हुआ था। निकाह के 17 दिन बाद ही पति सऊदी अरब चला गया। वहां से साल में कुछ दिन के लिए ही आता है। पीड़िता के अनुसार जेठ और भांजा उसके ऊपर बुरी नजर रखते हैं। पति की गैरमौजूदगी में दोनों उसके साथ दुष्कर्म कर चुके हैं। इसकी शिकायत पति से की तो उसने अपने भाई और भांजे का ही पक्ष लिया। साथ ही यह भी कहा कि दोनों ने तेरी अश्लील फोटो और वीडियो भेज रखी है। यदि कहीं शिकायत की तो जान से मार देंगे। वीडियो भी वायरल करके बदनाम कर देंगे। पीड़िता ने आरोप लगाया कि मामी भी आरोपियों का साथ देती है। वह नशीला पदार्थ देकर पीड़िता को कमरे में बंद कर बाहर से पहरा देती है। ससुर ने भी पीड़िता की कुछ नहीं सुनी। पीड़िता के अनुसार आरोपियों के चंगुल से छूट कर किसी तरह वह मायके पहुंची और 3 अक्तूबर 2024 को इसकी शिकायत थाने पर जाकर की, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि 10 अक्तूबर को दो व्यक्ति उसके घर में जबरन घुस आए और व्हाट्सएप पर आरोपी जेठ से बात कराई।

## मिलक अमावती की प्रधान गार्गी चौधरी 'कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार' के लिए चयनित

**मुरादाबाद।** डिलारी विकास खंड की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी देश की अन्य ग्राम पंचायतों के लिए मिसाल बन गई हैं। गांव में विकास कार्यों के दम पर ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को कार्बन न्यूट्रल विशेष पंचायत पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। 11 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन में ग्राम प्रधान गार्गी चौधरी को सम्मानित करेंगी। इससे पहले मिलक अमावती को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार मिला चुका है। मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की महिला प्रधान गार्गी चौधरी ने पूरे देश में अपने प्रदेश, मंडल स्तरीय अधिकारियों का सिर भी गर्व से उंचा कर दिया। देश की खुशहाली का रास्ता गांव की गलियों से होकर गुजरता है। गांव को शहर से जोड़ने का जो सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है।



मुरादाबाद जनपद की ग्राम पंचायत मिलक अमावती की महिला प्रधान गार्गी चौधरी ने पूरे देश में अपने प्रदेश, जनपद और मंडल स्तरीय अधिकारियों का सिर भी गर्व से उंचा कर दिया। देश की खुशहाली का रास्ता गांव की गलियों से होकर गुजरता है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सफाई और गांव को शहर से जोड़ने का जो सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने देखा था वह अब साकार होता दिखाई दे रहा है।

## संभल: मोटर पार्ट्स दुकानदार की गोली मारकर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**संभल। (बॉबी कुमार) :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली में मोटर पार्ट्स की दुकान पर सामान लेने के बाद दुकानदार की गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के बाद तीनों आरोपी एक बाइक से फरार हो गए। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पुलिस पहुंच जानकारी की।

टीटू सिंह 28 वर्ष पुत्र स्व. विजय पाल सिंह निवासी मकूपुरा कस्बा नरौली थाना बनियाठेर ने घर के बाहर मोटर पार्ट्स की दुकान करता है। मंगलवार की रात आठ बजे युवक ने दुकान बंदकर घर चला गया। तभी एक युवक आया और टीटू को आवाज देकर कुछ सामान लेने की बात कही। टीटू ने दुकान खोलकर मोटर पार्टस् का सामान निकाल दिया। तभी उस युवक के अन्य दो साथी मौके पर पहुंचे और एक युवक ने टीटू के कनपटी पर तमंचे से फायर कर दिया और बाइक से फरार हो गए।





गोली की आवाज सुन व युवकों के भागने पर घटनास्थल के पास खड़े टीटू के तहेरे भाई हरेंद्र सिंह पुत्र प्रहलाद व पत्नी पूजा देवी मौके पर पहुंचे और तो टीटू दुकान पर नीचे पड़ा था।

आनन-फानन में परिजन कार से टीटू को सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने देखते ही टीटू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन विलाप करने लगे। घटना की सूचना पर पुलिस भी सीएचसी पहुंच गई और परिजनों से घटना की जानकारी की। मृतक टीटू का 8 वर्ष का पुत्र अक्ष चौधरी चन्दौसी के एक निजी विद्यालय में पढ़ता है।

## कैंडल मार्च निकाल कर कांग्रेसियों ने सरकार को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की

**मुरादाबाद।** संभल बवाल में मृत युवकों के परिजनों से मिलने जा रहे लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी को रोकने से नाराज कांग्रेसियों ने गुरुवार को जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद और महानगर अध्यक्ष अनुभव मेहरोत्रा के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला। रघुपति राघव राजाराम..रामधुन के साथ कंपनी बाग तक कैंडल मार्च निकालकर कांग्रेसियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष ईश्वर से सरकार को सद्बुद्धि प्रदान करने की प्रार्थना की।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने इस घटना के प्रति शांतिपूर्ण तरीके से विरोध जताने का निर्देश सभी जिला व शहर इकाइयों को दिया था।

इसके क्रम में गुरुवार को जिला व महानगर इकाई के कार्यकर्ताओं ने कैंडिल मार्च निकालकर गांधी प्रतिमा के सामने रामधुन गाई। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद ने कहा कि सत्ता मद में चूर भाजपा सरकार लोकतंत्र की मर्यादा को तार तार करने पर तुली है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी के पद की प्रतिष्ठा को भी अपमानित किया गया।



## देश में प्रजनन दर का तेजी से घटना चिंता का विषय–डॉ. राजीव

**मुरादाबाद।** स्वदेशी जागरण मंच की ओर से तेजी से घटती प्रजनन दर का मुद्दा तीन साल पूर्व उठाया गया था। इसके बाद पिछले दिनों लखनऊमें राष्ट्रीय परिषद की बैठक हुई। जिसमें महानगर के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया था। इस बैठक में भी देश में तेजी से घट रही प्रजनन दर को चिंता जताई गई।

गुरुवार को संगठन के राष्ट्रीय विचार विभाग प्रमुख डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने भारत में कुल प्रजनन दर 2.0 से नीचे गिरने पर चिंता व्यक्त की है। जिससे हमारा संगठन पूरी तरह सहमत है। उन्होंने बताया कि लैंसेट ने अपने नवीनतम प्रकाशन में बताया कि भारत का टीएफआर वर्ष 2021 तक घटकर 1.91 हो गया है। इसके अलावा लैंसेट के अध्ययन ने अनुमान लगाया है कि वर्ष 2050 तक टीएफआर गिरकर 1.29 हो




सकता है, जो हमारे समाज के लिए चिंता विषय है। कहा कि हम लोगों को ध्यान देना होगा कि अगर निरंतर गिरावट आती रही तो समाज का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। उन्होंने लोगों और राय निर्माताओं, नीति विश्लेषकों व नीति निर्माताओं से टीएफआर में कमी के मुद्दे पर विचार करने का आह्वान किया।

## महिला शिक्षामित्र ने पढ़ाने की जगह करवाया मसाज

**ठाकुरद्वारा,** परिषदीय स्कूल में शिक्षामित्र बच्चों को पढ़ाने की जगह धूप में बैठकर बच्चों से मसाज कराने लगी। उसकी हरकत की किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से शिक्षामित्र के साथ शिक्षा विभाग की फजीहत हो रही है। बीएसए ने वीडियो का संज्ञान लेकर खंड शिक्षा अधिकारी को जांच सौंपी है।

नगर में बच्चों को शिक्षा देने की जगह बच्चों से सिर दबवाने व मसाज कराने का वीडियो काशीपुर चुंगी स्थित मोहल्ला जाटवान में कंपोजिट विद्यालय का बताया जा रहा है। वीडियो में बच्चों से मसाज करवा रही आरोपी शिक्षामित्र बताई जा रही है, जोकि काशीपुर से विद्यालय में पढ़ाने आती है। वायरल वीडियो में स्कूल परिसर में बिना फर्नीचर के चार बच्चे विद्यालय परिसर के खुले मैदान में बैठे नजर आ रहे हैं। बच्चों के बैठने के लिए ईंटों के फर्श पर कोई व्यवस्था नहीं है। दो बच्चे कुर्सी पर बैठी शिक्षामित्र के दाएं-बाएं खड़े होकर कंधों की मसाज कर रहे हैं। 41 सेकिंड की वीडियो में आ रही आवाज परिषदीय विद्यालय की शिक्षा का हाल बयान कर रही है।हालांकि, वीडियो में यह साफ नहीं हो रहा है कि वीडियो कब और किसने बनाई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का खंड शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने संज्ञान लिया है और खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार को जांच सौंपी है। बताया जाता है कि इससे पहले भी उक्त शिक्षामित्र की शिकायत वरिष्ठ अधिकारियों से की गई थी। लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।



## मुरादाबाद: टीएमयू छात्र सुसाइड मामले में सहपाठी छात्रा पर मुकदमा

**पाकबड़ा,।** टीएमयू के छात्र द्वारा पंखे से लटक कर आत्महत्या करने के मामले में पिता ने सहपाठी छात्रा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता का आरोप है कि छात्रा की वजह से ही मेरे बेटे ने आत्महत्या की है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में बुधवार को पैरामेडिकल बीआरआईटी के प्रथम वर्ष के छात्र अतुल तिवारी (22) पुत्र स्वतंत्र तिवारी निवासी कमला नगर पांडेपुर जनपद वाराणसी ने न्यू ब्वॉयज हॉस्टल की दूसरी मंजिल पर कमरा नंबर 210 बी में पंखे के कुंडे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। काफी देर दरवाजा नहीं खुलने पर रूम पार्टनर आदित्य सिंह ने इसकी सूचना वार्डन को दी थी। उसके बाद इसकी सूचना टीएमयू प्रशासन को दी गई। तब टीएमयू प्रशासन ने दरवाजा तोड़कर देखा था तो उसका सब फंदे से लटका हुआ था। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। मौके पर पहुंचकर फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए थे। इसकी सूचना परिजनों को दी गई थी। गुरुवार की सुबह पहुंचे परिजनों ने टीएमयू में जानकारी की तो पता चला कि उसकी सहपाठी परी जैन उसे आए दिन टॉर्चर करती थी। जिसकी वजह से वह बहुत ज्यादा परेशान हो गया था और उसके बाद उसने आत्महत्या कर ली। पिता ने तहरीर में बताया कि मेरे बेटे की मौत उसके क्लास की ही सहपाठी परी जैन की वजह से हुई है। वह रोजाना उसे बहुत ज्यादा परेशान एवं टॉर्चर करती थी जिसकी वजह से मेरे बेटे ने आत्महत्या कर ली। पिता की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पिता स्वतंत्र तिवारी ने बताया कि हमें टीएमयू से सूचना गई थी कि तुम्हारे बेटे ने आत्महत्या कर ली है। अब हम चाहते हैं कि पुलिस मामले की जांच कर सख्त से सख्त कार्रवाई करे और जो भी दोषी हो उनको बख्शा नहीं जाए।



## रिवर फ्रंट और हस्तशिल्प ग्राम के विकास से मुरादाबाद बनेगा आर्थिक हब

**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में गुरुवार को मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से स्टेक होल्डर विभागों के समन्वय से सिटी डवलपमेंट प्लान का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसमें प्राधिकरण द्वारा अंतर्राष्ट्रीय कंसल्टेंसी फर्म के माध्यम से तैयार कराए गए सिटी डेवलपमेंट प्लान की रुपरेखा पर चर्चा की गई। इसमें मेगा फूड पार्क, सेमी कंडक्टर पार्क, मुरादाबाद सिटी सेन्टर, आयुष पार्क, हस्तशिल्प ग्राम, रेलवे स्टेशन री-डवलपमेंट प्लान, मेगा टाउनशिप प्लान, नॉलेज सिटी, रिवर फ्रन्ट के विकास का खाका सामने रखा गया। इनके माध्यम से पीतल नगरी उभरता हुआ वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब बनेगा।



फर्म के प्रतिनिधि ने मंडलायुक्त और अन्य अधिकारियों को मुरादाबाद विकास प्लान 2051 को प्रस्तुत कर इसके प्रोजेक्ट मूवमेंट के बारे में विस्तार से बताया। विजन प्लान 2051 के अन्तर्गत मेगा फूड पार्क, सेमी कंडक्टर पार्क, मुरादाबाद सिटी सेन्टर, आयुष पार्क, हस्तशिल्प ग्राम, रेलवे स्टेशन री-डवलपमेंट प्लान, मेगा टाउनशिप प्लान, नॉलेज सिटी, स्पोर्टस काम्प्लेक्स, मल्टीलेवल पार्किंग, रिवर फ्रन्ट का विकास, ईको टूरिज्म पार्क, सीवेज सिस्टम, मेडिसिटी इत्यादि के विकास संबंधी परियोजनाओं से पीतल नगरी एक उभरते हुए वाइब्रेंट इकोनॉमिक हब के रूप में विकसित हो जाएगी।

मंडलायुक्त ने कहा कि विजन प्लान के अन्तर्गत महानगर में सभी जलाशयों को सुरक्षित किया जाए। दुग्ध डेयरी के लिए किसानों को बेहतर इंन्फ्रास्टक्चर उपलब्ध कराया जाए। इन योजनाओं में मुरादाबाद की संस्कृति को समाहित करते हुए हस्तशिल्प ग्राम से मंडल के अन्य जिलों के हस्तशिल्प उत्पादों को भी जोड़ा जाए।

मंडलायुक्त ने कहा कि महानगर की आबादी और लोगों की जरूरतों और सुरक्षा के हिसाब से योजनाओं को प्लान किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग, एमडीए और फर्म आपसी संवाद और समन्वय बनाकर मुरादाबाद विकास प्लान 2051 पर कार्य करें। बैठक में जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुरादाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, संयुक्त आयुक्त उद्योग योगेश कुमार, एसपी सिटी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

नए आर्थिक क्षेत्रों में निवेश आकर्षित करना और स्थानीय कारीगरों को नए अवसर प्रदान करना। बनेंगे मेगाफूड पार्क, सेमी-कंडक्टर, कौशल विकास केंद्र, सिटी सेंटर, बायो-फ्यूल प्रसंस्करण केंद्र और आयुष पार्क

परिवहन सुधार के अन्तर्गत सिटी कोर क्षेत्र में भीड़ को कम कर सार्वजनिक परिवहन प्रणाली को बेहतर बनाया जाएगा। इसके लिए सड़कों का चौड़ीकरण और चौराहों का सुधार होगा। मल्टी-लेवल पार्किंग बनेगी। रेलवे स्टेशन का फिर से विकास करने के साथ ही इंटर स्टेट बस टर्मिनल (आईएसबीटी) बनेगा। सार्वजनिक ई-बसें और मेट्रो लाइट परियोजना चलेगी।जीवन स्तर में सुधार के लिए पर्यावरण सुधार, हरित क्षेत्र और सामाजिक सुविधाओं को बढ़ावा दिया जाएगा।

# गीता शोध संस्थान के कार्यक्रम में बंदियों ने समझा गीता का सार

**मथुरा(राजकुमार गुप्ता) सब का सपनाः–** गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी ने जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों के हृदय परिवर्तन के उद्देश्य से श्रीगीताः जीने की कला प्रेरक कार्यक्रम और प्रेरणादायी साहित्य का वितरण किया।

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन ने जिला कारागार में ₹श्रीगीताः जीने की कला₹ कार्यक्रम के अंतर्गत बंदियों के समक्ष गीता का वह सार तत्व प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम वह आगे अपने जीवन में सदमार्ग पर चल सकेंगे। मुख्य वक्ता अवकाश प्राप्त अवर सचिव (विदेश मंत्रालय) और गीता मर्मज्ञ महेश चंद्र शर्मा थे। उन्होंने कहा कि जेल का जीवन एकांत साधना के लिए श्रेष्ठ है। आप लोग जीवन से निराश न हों। सदमार्ग पर चलें। गीता हमें यही सीख देती है।

> गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने कहा कि जेल प्रशासन से मिलकर भविष्य में जेल के बंदियों के मध्य रासलीला का मंचन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने के प्रयास होंगे। गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने विचार व्यक्त किए।

उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ डा उमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि गीता जीने की कला से ज्यादा एक विद्या है। गीता हमें सदकर्म की प्रेरणा देती है। हमें यह संकल्प लेना होगा कि आगे से जीवन कोई गलत कम हमारे हाथ से न होने पाये। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना ने कहा कि जेल प्रशासन से मिलकर भविष्य में जेल के बंदियों के मध्य रासलीला का मंचन व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कराने के प्रयास होंगे।गीता शोध संस्थान वृंदावन के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार ने विचार व्यक्त किए। उन्होने बंदियों को गीता प्रेस गोरखपुर का प्रेरणादायी साहित्य का वितरण किया। गीता की प्रतियां जेल अधिकारियों को भेंट कीं।वक्ताओं ने बंदियों को गीता के उपदेश पढ़कर सुनाए। इसके साथ ही उनका अर्थ भी समझाया।

जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग के निर्देश पर हुए उक्त प्रेरक कार्यक्रम में जेलर सुशील कुमार वर्मा, उप कारापाल करुणेश कुमारी, रवींद्र कुमार, दुर्गेश प्रताप सिंह, सीएम तिवारी आदि अधिकारी मौजूद रहे।



# जीएसटी अधिनियम को लेकर आम जनता को जागरूक करने हेतु एक महत्वाकांक्षी अभियान

**मथुरा(राजकुमार गुप्ता)** सब का सपनाः– राज्य कर जीएसटी द्वारा जीएसटी अधिनियम के प्रति जागरूकता एवं जीएसटी अधिनियम को सरलीकृत स्वरूप में प्रस्तुत करते हुए आम जनता को जागरूक करने हेतु एक महत्वाकांक्षी अभियान चलाया गया है। जिसमें व्यापारी एवं कंज्यूमर्स सभी का सहयोग आपेक्षित है। ₹ अपने खरीद का पक्का बिल ले ये आपका अधिकार है। यदि बिल नहीं मिलता है तो 7235001729 पर फर्म का नाम एवं पता सूचित करे। उक्त स्टिकर को **Abhijeet Gupta Assistant Commissioner and** राज्य कर अधिकारी खंड 5 द्वारा खंड 5 के अधीक्षेत्र में व्यापारियों से संपर्क करते हुए चिपकाया जाएगा। अधिनियम और संबंधित नियमों के सरलीकरण एवं जागरूकता हेतु ये विभाग का एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रत्येक पंजीकृत व्यापारियों को अपने व्यापार स्थल एवं शाखाओं पर इसको चिपकाना अनिवार्य है।



## उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह का छाता दौरा

**मथुरा(राजकुमार गुप्ता)** सब का सपनाः – उत्तर प्रदेश बीज विकास निगम उपाध्यक्ष राज्य मंत्री स्तर राजेश्वर सिंह ने छाता पहुंच कर कोतवाली के निकट नेशनल हाईवे 19 बीज विधायन संयंत्र का निरीक्षण किया।

आपको बता दें निगम के उपाध्यक्ष का जनपद आगरा, मथुरा, अलीगढ़, बुलंदशहर, मेरठ मुजफ्फरनगर, मुरादाबाद, बरेली एवं हरदोई का भ्रमण कार्यक्रम है।

इसी के तहत बीज निगम उपाध्यक्ष ने छाता बीज विधायन संयंत्र पहुंच कर अच्छे बीज बनाने वाली मशीनों, बीज भंडारण गोदामों व स्टाफ के उपस्थिति रजिस्टर, व साफ सफाई का बारीकी से निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने मौजूद प्रभारी कप्तान सिंह अन्य कर्मचारियों को कार्मल लापरवाही बरतने पर फटकार लगाई, और दिशा निर्देश दिए, कि किसी भी स्तर पर लापरवाही की गई, तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह ने बताया मेरे द्वारा प्रदेश भर में निगम के बने हुए छोटे बड़े बीज संयंत्रों का निरीक्षण कार्य चल रहा है, हमारा मुख्य मकसद है, सरकार की मानसा के अनुरूप कार्य करना, कल आगरा तेहरा निरीक्षण किया गया, आज छाता आना हुआ है, कितना कार्य हुआ है, कितने किसान इसका लाभ ले पाए हैं, किसानों की आय दोगुनी होना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज का यह अभियान पूरे उत्तर प्रदेश में चल रहा है, किसान के लिए लगातार हम भ्रमणशील हैं। किसान की अच्छी पैदावार गेहूं, धान आदि फसलों की हो उसके लिए हम अच्छे बीज उपलब्ध करा रहे हैं, इस जगह पर कुछ कर्मचारी हैं, जिनके द्वारा लापरवाही की गई है, उनका एक महीने का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया है। कार्य करना है, तो अच्छे ढंग से करिए नहीं तो करवाई और ढंग से की जाएगी। अगर किसान भाइयों को कोई दिक्कत होती है, तो सीधा हमसे संपर्क करें हमारे परियोजना अधिकारी व प्रभारी से संपर्क करें। समस्या का समाधान किया जाएगा।



## मथुरा में भारतीय मुद्रा परिषद का 106 वां वार्षिक सम्मेलन शुरू, 200 से अधिक प्रतिभागी प्रस्तुत करेंगे अपना शोधपत्र

**मथुरा(राजकुमार गुप्ता)** मथुरा। उत्तर प्रदेश सरकार तीन से पांच दिसंबर तक मथुरा में भारतीय मुद्रा परिषद का 106वां वार्षिक सम्मेलन एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित करेगा, जिसमें मुद्रा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। यह आयोजन डैम्पीयर नगर में स्थापित पांचजन्य प्रेक्षागृह में सम्पन्न होगा। यह संस्कृति विभाग के अंतर्गत राज्य पुरातत्व निदेशालय, लखनऊद्वारा किया जा रहा है।

जिला सूचना अधिकारी प्रशांत सुचारी ने बताया कि प्रदेश के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आयोजन के मुख्य अतिथि एवं चीनी मिल एवं गन्ना विकास मंत्री चौ. लक्ष्मी नारायण विशिष्ट अतिथि होंगे। सम्मेलन की शुरुआत पूर्वाह्न नौ बजे से होगी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन स्थल पर प्राचीन सिक्कों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। इस प्रदर्शनी में लोग प्राचीन समय के सिक्कों की जानकारी ले सकेंगे।

सम्मेलन में भाग लेने देश के अनेक पुरातत्वविद यहां पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय की निदेशक रेनू द्विवेदी ने स्कूली बच्चों के अलावा इतिहास व पुरातत्व में रुचि रखने वाले लोगों से वार्षिक सम्मेलन में तीनों दिन भाग लेने का आह्वान किया है। अधिवेशन का समन्वय व संयोजन प्रभारी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ. राजीव त्रिवेदी कर रहे हैं।अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के करीब 200 से अधिक प्रतिभागी अपना शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे।



# ब्लॉक प्रमुख ने ब्लॉक दिवस पर सुनी फरियाद

**मथुरा(राजकुमार गुप्ता) सब का सपनाः –** बलदेव विकास खंड के ब्लॉक सभागार में महीने के प्रथम दिन ब्लॉक दिवस आयोजित किया गया। ब्लॉक दिवस में ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने आम जनता की फरियादो को सुना। संबंधित अधिकारीगण को तुरंत गंभीरता से निस्तारण करने के आदेश दिए

। निस्तारण के साथ ही फरियादी से फीडबैक भी लिया कि उसका काम हुआ या नहीं। ब्लॉक दिवस पर 15 शिकायत मिली जिनमें से 3 शिकायतों को निस्तारण तत्काल करा दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर ने कहा कि फरियादियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े यही मेरा उद्देश्य है। समय से समस्या का निस्तारण करना मेरी प्राथमिकता है। आम जनता व किसान को दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। इसी वजह से ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाता है। वही ब्लॉक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्य का गांव हथकोली, किलोनी, पटलोनी, अवैरनी, उदय सिंह नगला, पचावर, मढ़ौरा, कासिमपुर विभिन्न गांवों का औचक निरीक्षण किया। संबंधित अधिकारीयो को शख्त निर्देश दिए। किसी भी प्रकार की विकास कार्यों में लापरवाही बरती नहीं जाएगी। ग्रामीणों ने ब्लॉक प्रमुख प्रतीक भरंगर को अपने-अपने गांव मोहल्ले व पंचायत की सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, आवास आदि समस्याओं से अवगत कराया गया। ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने आश्वासन दिया कि आप लोगों की समस्या का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा। इस अवसर पर जेई अजीत चौधरी, विजय उपाध्याय, प्रधान मुकेश भरंगर, विजेंद्र यादव, प्रधान हरपाल, प्रधान अमर सिंह, खुशी तोमर, गौरव तोमर, आदि लोग मौजूद रहे।



संक्षेप खबरें

## यमुना एक्सप्रेसवे पर कार का टायर फटा, दो लोगों की मौत

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले के बल्देव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत यमुना एक्सप्रेसवे के किलोमीटर संख्या 133 पर मंगलवार सुबह एक कार के डिवाइडर से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब आगरा से नोएडा की ओर जा रही कार का एक टायर फट गया और संतुलन बिगड़ जाने से कार डिवाइडर से टकरा गई जिससे दो लोगों की मौत मौके पर ही हो गई। उनकी पहचान 30 वर्षीय रौनक अहूजा पु एवं 28 वर्षीय विकास निवासी आगरा के रूप में की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने बताया कि परिजन दोनो के शवों को एक्सप्रेसवे की एम्बुलेन्स से आगरा ले गए जहां पर उनका पोस्टमार्टम किया जा रहा है।




## गीता के प्रकाण्ड विद्वान गीतानन्द महराज ने जनता को नर सेवा नारायण सेवा का दिया था संदेश

**मथुरा।** परम तपस्वी ब्रम्हलीन संत गीतानन्द महराज का तिरोभाव महोत्सव 24 नवंबर को देश के विभिन्न भागों के साथ साथ यहां गीता आश्रम वृन्दावन में भी मनाया जाएगा। इस महोत्सव में देश विदेश के धर्माचार्य, संत महात्मा, न्यायाधीश, शिक्षाविद एवं समाजसेवी भाग लेकर इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अपनी भावांजलि देंगे। इस महान संत द्वारा स्थापित लगभग एक दर्जन आश्रमों में चल रहे सेवा कार्यों में नर सेवा नारायण सेवा की झलक मिलती है।

उन्होंने घट घट में भगवान के दर्शन किये थे। वे स्वप्नदृष्टा थे तथा उन्होंने लगभग तीन दशक से अधिक समय पहले ही सामाजिक संबंधों में आई विकृति को समझा था तथा गीता कुटीर तपोवन हरिद्वार में वृद्धाश्रम की न केवल स्थापना की थी बल्कि इन आश्रमों में रहनेवाले दम्पतियों को किसी प्रकार का अभाव न महसूस हो, इसके लिए घर से बेहतर व्यवस्था वहां के वृद्धाश्रम में की थी।आज वहां का वृद्धाश्रम दूसरे वृद्धाश्रमों के लिए नमूना बन गया है। उसके बाद वृद्धाश्रम स्थापित करने की श्रंखला आगे चली। वे गीता आश्रम वृन्दावन में भी वृद्धाश्रम की स्थापना करना चाहते थे किंतु उस समय जमीन न मिल पाने के कारण उनका सपना पूरा न हो पाया।वृन्दावन की पावन धरती पर महाप्रभु बल्लभाचार्य, चैतन्य महाप्रभु, स्वामी हरिदास, गोपाल भट्ट, जीव गोस्वामी, रूप गोस्वामी जैसे संतो ने यदि धर्म की ध्वजा फहराई और श्यामाश्याम की गूढ़ लीलाओं के रहस्य को जन जन तक पहुंचाया तो आनन्दमयी मां, देवरहा बाबा, श्रीपाद बाबा, स्वामी वामदेव महराज, नीम करौली महराज, स्वामी अखंण्डानन्द ने सनातन धर्म पर आए संकट से समाज को निकालकर उन्हें एक दिशा दी।

इस संत ने उक्त के साथ सनातन धर्म के प्रवाह में आ रही परेशानियों को समझा और उनके लिए नाना प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई। देशभक्ति तो इस तपस्वी संत की रग रग में बसी हुई थी इसीलिए कारगिल युद्ध के दौरान उन्होंने आश्रम की ओर से 11 लाख की थैली रक्षा कोष में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को दी थी।



आवशकता, नाम परिवर्तन, खोया–पाया, सार्वजनिक सूचना विज्ञापन कम दरों में

सब का सपना क्लासीफाइड के साथ लाखों तक पहुँचाइये अपनी बात

अपना विज्ञापन बुक करवाने के लिये संपर्क करें
9456884327

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले की गलत रिपोर्टिंग पर लगाई फटकार

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद मामले में चल रही अदालती कार्यवाही की गैर– जिम्मेदाराना और गलत रिपोर्टिंग को लेकर मीडिया को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि यह न्यायालय उम्मीद करता है कि मीडियाकर्मी इस मामले की कार्यवाही की रिपोर्टिंग करते समय उचित संयम बरतेंगे और इस संबंध में न्यायालय के आदेशों की गरिमा और पवित्रता बनाए रखेंगे, साथ ही जो मामले की कार्यवाही या आदेशों को गलत तरीके से प्रस्तुत करें, इस तरह की रिपोर्टिंग को अवमानना के बराबर समझा जाएगा।

> उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने विवाद से संबंधित वाद संख्या 18 के अधिवक्ता द्वारा दाखिल आवेदन पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में मामले की गलत रिपोर्टिंग पर रोक लगाने की मांग की गई थी।गौरतलब है कि हाई कोर्ट वर्तमान में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई मुकदमों की एक साथ सुनवाई कर रहा है, जिसमें मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर की 13 .37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है।

उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने विवाद से संबंधित वाद संख्या 18 के अधिवक्ता द्वारा दाखिल आवेदन पर सुनवाई करते हुए की, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया में मामले की गलत रिपोर्टिंग पर रोक लगाने की मांग की गई थी।गौरतलब है कि हाई कोर्ट वर्तमान में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि–शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित कई मुकदमों की एक साथ सुनवाई कर रहा है, जिसमें मथुरा में कटरा केशव देव मंदिर की 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्जा करने और वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग भी शामिल है।





अपने संस्थान को
दे नई तरक्की
एजुकेशन के विज्ञापन बुक करायें
विज्ञापन हेतु संपर्क करें–
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें–9456884327

# सड़क पर गुंडई और अपराध बर्दाश्त नहीं होगा : डीआईजी




**बुलंदशहर (मनोज गिरि)** सब का सपनाः– मेरठ के नए डीआईजी कलानिधि नैथानी ने गुरुवार शाम पहुँचे बुलंदशहर की पुलिसकर्मियों के साथ बैठक। बुलंदशहर रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सम्मेलन कक्ष में पुलिसकर्मियों से बातचीत की। इसके बाद पुलिस लाइन में जिला पुलिस के अफसरों और थानेदारों के साथ डीआईजी ने मीटिंग की। इस दौरान डीआईजी ने साफ कहा कि सड़क पर कोई रोडरेज, लूट, स्नेचिंग और फायरिंग जैसी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस इस तरह के मामलों में सख्ती करे सड़क पर रंगबाजी करने वालों, दारू पीकर हुड़दंग मचाने वालों, काली फिल्म और हूटर लगाकर रौब गालिब करने वालों पर तुरंत एक्शन लिया जाए। इसके अलावा पुलिस विभाग में चौकी प्रभारियों को सीयूजी नंबर देने और सीधे रिपोर्ट करने की कही बात

< डीआईजी कलानिधि नैथानी गुरुवार शाम करीब पांच बजे पहुँचे बुलंदशहर रिजर्व पुलिस लाइन पुलिस–प्रशासनिक अफसरों की टीम के साथ की बैठक। इस दौरान चौकियों पर भी पुलिस की चौकसी को लेकर चर्चा की गई। यहां पुलिसकर्मियों से बातचीत करते हुए उनके इलाके की समस्याओं के बारे में जानकारी की गई। इसके बाद पुलिस लाइन में डीआईजी ने तमाम पुलिस अफसरों और थाना प्रभारियों के साथ एक मीटिंग की। इस दौरान डीआईजी ने कई निर्देश दिए।

सड़क पर अपराध बर्दाश्त नहीं होगा

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने इसके बाद पुलिसलाइन में ही प्रेस के साथ मीटिंग की। डीआईजी बोले कि यहां पर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारियों, थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अलावा अफसरों को निर्देश दिया गया है कि वह अलग अलग नंबरों से थाना प्रभारियों और चौकी प्रभारियों के सीयूजी पर कॉल कर पता करें कि वह सीयूजी नंबर उठाते भी हैं या नहीं। साथ ही रेंज की पुलिस को निर्देश दिया गया है कि सड़क पर किसी भी तरह का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सड़क पर रोडरेज, गुंडई, फायरिंग, स्नेचिंग और लूट जैसी वारदातों पर लगाम लगाने और सख्त एक्शन का आदेश दिया गया है।

**साइबर क्राइम के मामलों में त्वरित कार्रवाई :** साइबर अपराध रोकने और कार्रवाई के लिए कहा गया है। साइबर अपराध होने पर पुलिस तुरंत संबंधित आरोपियों के बैंक खातों को ब्लॉक कराएगी। इसके लिए बैंक अफसरों से भी जल्द ही मीटिंग की जाएगी, ताकि यह प्रक्रिया तेज की जा सके। पुलिस को जितनी जल्दी सूचना मिलेगी, उतना ही एक्शन सटीक होगा।

**पुलिस में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं :** डीआईजी ने कहा कि अपराधिकघटनाओं के पीड़ितों की हर हाल में सुनवाई होगी और मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। चौकी–थाने से पीड़ितों को टरकाया गया तो कार्रवाई होगी। साथ ही गैंग बनाकर अपराध करने वालों पर गैंगस्टर में कार्रवाई होगी। वाहन चोरी और अन्य अपराध में पुलिस आरोपियों का पूरा नेटवर्क तलाश करेगी और एक्शन होगा। कहा कि पुलिस में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं होगा

# विधुत विभाग द्वारा व्यवसायिक विधुत लाइन से दिए जा रहे है अवैध घरेलू कनेक्शन



**बुलन्दशहर (मनोज गिरि) सब का सपनाः–** जहांगीराबाद में मौहल्ला छेपियांन बिन्नेर गेट के समीप सोनू चौधरी आटा चक्की के लिए एक व्यवसायिक कनेक्शन 2017 में कराया गया था, लाइन के लिए लगभग 250000 रुपये की रकम जमा की गयी थी विधुत विभाग द्वारा यह लाइन सोनू आटा चक्की के व्यवसाय हेतु निर्धारित करा दी गयी प्राथी सोनू चौधरी पुत्र वीरेन्द्र सिंह ने विधुत विभाग पर आरोप लगाते हुए बताया है की मेरी व्यक्तिगत व्यवसायिक विधुत लाइन से विधुत विभाग के कर्मचारियों द्वारा साठ गाठ करते हुए लगभग 15 से 20 घरेलू कनेक्शन करा दिए गए जिनके विधुत मीटर रातो रात लगाकर उनका काम पक्का करा दिया जाता है जिसकी शिकायत सोनू चौधरी, ने फोन पर जेई को दी मगर जेई द्वारा फोन न उठाने के बाद सूचना एसडीओ को दी गयी जिन्होंने बताया की इस मामले में जेई द्वारा कार्यवाही कराये, मेरी कोई जिम्मेदारी नही है प्रार्थी सोनू चौधरी को संतुष्टि भरा जबाब न मिलने के बाद प्रार्थी ने 1912 पर कॉल कर समाधान हेतु शिकायत दर्ज कराई मगर अब तक विधुत विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नही की गयी 63 किलोवाट ट्रांसफार्मर से 100 किलो वाट तक लोड दिया जा रहा है जिसमें विधुत विभाग द्वारा अवैध कनेक्शन का भी लोड शामिल है लगातार चक्की चलाने के लिए निर्धारित बोल्टेज नही मिल रहे है जिसको लेकर चक्की स्वामी ने बहुत बड़े नुक्सान होने की पुष्टि की है। और बताया की जल्द समाधान न मिलने पर उच्चाधिकारियों से शिकायत कर मामले में लिप्त भ्रष्ट कर्मचारियों के खिलाफ जाँच कराई जाएगी ।

# ठगों ने साइबर अपराधियों को दिए थे 60 बैंक खाते, करोड़ों रुपये का खातों में मिला ट्रांजेक्शन



**कानपुर।** गेमिंग एप के जरिए साइबर ठगी करने वाले तीन शातिर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को और जानकारियां हासिल हुई हैं। पुलिस को जांच में जानकारी मिली है, कि जून माह से अब तक आरोपियों ने साइबर ठगों को 60 बैंक खाते उपलब्ध कराए थे। जिसमें अब तक करोड़ों रुपयों के ट्रांजेक्शन हो चुके हैं। जांच में यह भी पता चला कि जो एलेक्स और डेनियल आरोपियों से खाते लेते थे वो अपना इस्तेमाल करने के अलावा बचे खातों को आगे बेच देते थे।

साइबर सेल सेन्ट्रल जोन ने सूत्रों ने बताया कि एलेक्स और डेनियल ने जून से अब तक 60 बैंक खाते आरोपियों से लिए थे। पता चला है कि वो कुछ खातों का इस्तेमाल करते थे जिसमें साइबर ठगी का पैसा मंगाते थे और बाकी खाते मोटे कमीशन में आगे दूसरे साइबर अपराधियों को कमिशन पर दे देते थे। वहां से भी पैसा मिलता था। दोनों ही धंधे में काकादेव पुलिस द्वारा पकड़े गए आरोपियों का हिस्सा रहता था।बैंक खातों में कितनी रकम आई इसके बारे में सिर्फ एलेक्स और डेनियल जानकारी रखते थे। कितना पैसा आया वो ही यहां पर जतिन को बताते थे और उसी पैसे के हिसाब से उन्हें कमीशन देते थे। कभी यह पैसा नकदी में मिलता था और कभी कानपुर के आरोपी इसे डिजिटल करेंसी में लेकर पैसे में कनवर्ट कर अपने बैंक खाते में ले लेते थे। लिखापढ़ी में पैसे का कोई रिकार्ड नहीं होता था।

# बदायूंः कांग्रेसियों को नहीं निकालने दिया कैंडल मार्च, पुलिस ने छीन लीं मोमबत्तियां



**बदायूं।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संभल जाने से रोकने के बाद कांग्रेसियों ने कैंडल मार्च की तैयारी की लेकिन पुलिस ने मार्च नहीं निकलने दिया। जिसके बाद कार्यालय में महात्मा गांधी के चित्र पर मोमबत्ती जलाई गई। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राहुल गांधी को संभल जाने से रोकना अलोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं संविधान की हत्या जैसी है।

कांग्रेस पार्टी के आह्वान पर जिला कांग्रेस कमेटी ने जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह व शहर अध्यक्ष मोहम्मद असरार के नेतृत्व में परशुराम चौक से गांधी ग्राउंड चौराहे पर कैंडल मार्च निकालने की तैयारी की। लाबेला चौक के पास एकत्र हुए लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पुलिस ने कैंडल मार्च नहीं निकलने दिया। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने जिलाध्यक्ष को रोका और उनके हाथ से कैंडल छीन ली। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कहा कि पुलिस के दम पर यह सरकार नहीं चलेगी। जिसके बाद कांग्रेसियों ने कार्यालय पर महात्मा गांधी के चित्र पर कैंडल जलाकर संभल में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि कैंडल मार्च शांति का प्रतीक होता है। जिसे रोकर शासन व प्रशासन ने संदेश दिया है कि वह शांति में विश्वास नहीं रखते। मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जितेंद्र कश्यप ने कहा कि पुलिस द्वारा शांति मार्च को रोकने का कृत्य भी एक अलोकतांत्रिक प्रक्रिया है जो यह दर्शाता है कि सरकार राहुल गांधी से डरी हुई है। जिला उपाध्यक्ष गौरव राठौर, वीरेश तोमर, मोरपाल प्रजापति, महेंद्र कनौजिया, सूरज पाल सिंह सोलंकी, डॉ. राम रतन पटेल, इगलास हुसैन आदि उपस्थित रहे।

वहीं कांग्रेस के प्रदेश सचिव अजीत सिंह यादव की मौजूदगी में कस्बा ककराला में शहीद स्थल पर मोमबत्ती जलाकर सरकार की सद्बुद्धि की कामना की। प्रदेश सचिव ने कहा कि भाजपा सरकार राहुल गांधी से डर गई है। जिसके चलते संभल नहीं जाने दे रही। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं जोकि एक संवैधानिक पद है उन्हें पीड़ितों से मिलने से रोकना संविधान और लोकतंत्र की हत्या है। कहा कि देश की एकता, भाईचारे और शांति के लिए संघर्ष जारी रहेगा।

# मेरठः चार बच्चों की मां ने चाकू से गोदकर की प्रेमी की मां की हत्या



**मेरठ।** मेरठ जनपद में प्रेम संबंध का विरोध करने पर एक महिला ने प्रेमी की मां की कथित तौर पर चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला सोनी चार बच्चों की मां है और अपने पति से अलग रह रही है। वहीं मृतक महिला की पहचान दीपाली के रूप में हुई है।

पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर शाम मेडिकल थाना की पुलिस को एक महिला पर चाकू से हमले की सूचना मिली और मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दीपाली को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने दावा किया कि आरोपी महिला सोनी ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। सिंह ने कहा, ''सोनी ने बताया कि दीपाली के बेटे के साथ उसका अवैध संबंध था जिसका दीपाली विरोध करती थी।

# युवाओं पर मंडरा रहा योलो का साया, कम उम्र वाले हो रहे शिकार...बना देता है ये कर्जदार



**बरेली,ः** सोशल मीडिया के दौर में युवा तेजी से यू ओनली लिव वन्स (योलो) का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक तरह का मानसिक विकार है, जिसका मतलब है आप केवल एक बार जीते हैं, इसी सोच के चलते युवा कर्जदार होते जा रहे हैं। पिछले 15 दिन में जिला अस्पताल के मन कक्ष में ऐसे चार मामले पहुंचे हैं। इनमें जिंदगी में बड़े शौक करने के लिए युवाओं ने लोन लेकर खरीदारी की, अब किस्त चुकानी भारी पड़ रही है। इससे वे मानसिक तनाव में हैं।

मन कक्ष प्रभारी डॉ. आशीष के अनुसार योलो मानसिक विकार की श्रेणी में आता है। सोशल मीडिया या फिर अपने दोस्त के बहकावे में आकर लोग बड़ी फिजूल खर्ची कर देते हैं, जिसको समय पर चुकता न कर पाने पर वे कर्जदार हो जाते हैं। योलो के मामले युवाओं में सबसे अधिक देखे जा रहे हैं। इसलिए कोई भी महंगी वस्तुएं खरीदने या अन्य गतिविधि करने पर परिवार से वार्ता जरूर करें।

**बाद में होता है पछतावा, बन जाते हैं मानसिक रोगी**

डॉ. आशीष के अनुसार बहकावे या फिर आवेश में आकर युवा फिजूल खर्ची करते हैं।अधिकांश युवा परिजनों से छिपाकर ऐसा करते हैं, बाद में पछतावा होता है। कर्ज होने पर वे मानसिक रोगी बन जाते हैं।

**केस 1**

सिविल लाइंस निवासी युवा ने दोस्त को बताया कि वह स्कूटी ले रहा है। इस पर दोस्त ने सलाह दी कि स्कूटी से अच्छी तो बाइक है। इस पर उसने बताया कि बाइक खरीदने का बजट नहीं है तो दोस्त ने कहा कि एक कंपनी में नौकरी ज्वाइन कर लो, बैंक क्रेडिट कार्ड देगी, उससे लोन मिल जाएगा। युवक ने ऐसा ही किया। एक कंपनी में 12 हजार के वेतन पर नौकरी ज्वाइन कर ली। लोन लेकर महंगी बाइक ले ली, कुछ दिन बाद नौकरी चली गई। किस्त समय से न चुकाने पर बैंक ने घर आकर संपर्क किया तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई।

> विशेषज्ञों के मुताबिक यह एक तरह का मानसिक विकार है, जिसका मतलब है आप केवल एक बार जीते हैं, इसी सोच के चलते युवा कर्जदार होते जा रहे हैं। पिछले 15 दिन में जिला अस्पताल के मन कक्ष में ऐसे चार मामले पहुंचे हैं। इनमें जिंदगी में बड़े शौक करने के लिए युवाओ ने लोन लेकर खरीदारी की, अब किस्त चुकानी भारी पड़ रही है।

**केस 2**

मीरगंज निवासी युवक ने काउंसिलिंग में बताया कि वह सोशल मीडिया का अत्यधिक उपयोग करता है। कई ऐसी वीडियो देखी, जिसमें कहा गया कि जिंदगी एक बार ही मिलेगी, इससे खुल कर जियो, इस पर महंगे कपड़े, खानपान और वाहन खरीद लिए, इससे वह कर्जदार हो गया। इसका एहसास बाद में हुआ, मगर तब तक काफी देर हो चुकी थी। कर्ज होने वह और उसके परिवार के सदस्य परेशान हैं।

## जरूरी खबरें

# बहू के कमरे में घुसा ससुर, फिर चाकू दिखाकर किया रेप, शिकायत करने पर पति ने घर से निकाला



**बरेलीः** प्रेमनगर क्षेत्र में रहने वाली महिला ने दहेज में चार लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुर पर दुष्कर्म करने आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। महिला ने देवर और अन्य ससुरालियों के खिलाफ भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

महिला के मुताबिक उसका निकाह 5 जुलाई 2023 को बारादरी क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी युवक से हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति, ससुर और देवर चार लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न करने लगे। उसने ससुर, देवर और पति को समझाने का प्रयास किया। ससुर के बड़े भाई से भी शिकायत की, लेकिन नतीजा कुछ नहीं निकला। आरोप है कि 16 अक्टूबर को ससुर ने चाकू के जोर पर कमरे में घुसकर दुष्कर्म किया। देवर और पति से शिकायत की तो सभी ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।

# बारिश के लिए हो जाओ तैयार...48 घंटे तक चलेंगी तेज हवाएं, अलर्ट जारी



**बरेली,** जिले के मौसम में एक बार फिर से बदलाव होगा। मौसम विभाग ने 48 घंटे तक तेज हवाएं चलने के बाद पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने का अलर्ट जारी किया है। इसकी वजह से 8 और 9 दिसंबर को बूंदाबांदी या हल्की बारिश के आसार हैं, जिससे ठंड बढ़ सकती है। गुरुवार को भी तेज पछुआ हवाएं चलने की वजह से दिन और रात के तापमान में गिरावट से ठंड का अहसास हुआ।

मौसम विभाग ने तीन दिनों तक तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया था। तेज हवाएं चलने की वजह से गुरुवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 1.3 डिग्री सेल्सियस कम 23.1 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम 9.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। एक सप्ताह में दिन और रात के तापमान गुरुवार को सबसे कम रहे हैं। अब तक अधिकतम तापमान 25 और न्यूनतम 10 डिग्री के आसपास रिकॉर्ड किए जा रहे थे।मौसम विज्ञानी डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि तेज पछुआ हवाओं के आगामी 48 घंटों तक जारी रहने के कारण तापमान में थोड़ी और गिरावट आने की संभावना है। इसके बाद पश्चिमी दिशा से उत्तर–पश्चिमी भारत की ओर बढ़ रहे एक सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के 8–9 दिसंबर के दौरान प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने की संभावना है। इसकी वजह से कहीं कहीं बूंदाबांदी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है।

# जनसुनवाई पोर्टल की शिकायतों के निस्तारण में अव्वल रहा बदायूं

**बदायूं,** जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में जिले में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। शासन स्तर से नवंबर महीने का मूल्यांकन करके रैंकिंग जारी की गई। शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश के 75 जिलों में बदायूं अव्वल रहा है। इसके अलावा जिले के 18 थानों को भी पहला स्थान मिला है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने अधिकारी और कर्मचारियों को बधाई दी। निरंतरता बनाए रखने को निर्देशित किया।

मुख्यमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट जनसुनवाई पोर्टल की हर महीने समीक्षा की जाती है कि शिकायतों का किस प्रकार और कितने समय में निरस्तारण किया व गुणवत्ता कैसी थी। जिसके अंतर्गत शाासन स्तर से नवंबर में पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का निर्धारित 10 पैरामीटर पर मूल्यांकन किया गया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत रहरा
## विकास खंड गंगेश्वरी, अमरोहा

पत्रांक : मोमो टेंडर निविदा का विज्ञापन 2024–25 दिनांक 05–12–2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खंड गंगेश्वरी की ग्राम पंचायत रहरा में राज्य वित्त/पंचम वित्त /15वा वित्त आयोग योजना के अंतर्गत निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतू सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा दिनांक 13/12/2024 की दोपहर 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिनांक 13/12/2024 को अपराहन 03:00 बजे खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्य दिवस में निविदा खोली जायेगी। कार्य से संबंधित बिल ऑफ क्वालिटी की शर्ते स्टीमेंट आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त कि जा सकती है। नियमानुसार धरोहर राशि एन0एस0पी0/ बैंक ड्राफ्ट/एम0डी0आर के रूप में जमा करनी होगी। जो ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी विना अग्ररिम व्यानों की धनराशि के कोई भी टेंडर मान्य नहीं होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत धन 2% | निविदा प्राप्त | कार्य का अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत रहरा के जूनियर हाई स्कूल में नक्षत्र शाला का निर्माण कार्य। | 3,00,000 | 6000 | 200 | 2 माह |

शर्तेः
1–आयकर व्यापार कर का नियमानुसर देय होगा।
2– कार्य अनुबंध एवं अनुमानित स्वीकृति उपरांत किया जाएगा।
3–इस निविदा को बिना कारण बताए एवं आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा। अपूर्व निविदा किसी दशा में मान्य नहीं होंगी।
4–अनुभव प्रमाण पत्र आदि निविदा के साथ जमा करने होंगे।

प्रधान
ग्राम पंचायत रहरा
विकास खंड गंगेश्वरी, अमरोहा

सचिव
ग्राम पंचायत रहरा
विकास खंड गंगेश्वरी, अमरोहा

संपादकीय

## चिंताजनक वैश्विक संकेत

साइबर खतरों की व्यापक प्रकृति को रेखांकित जेडस्केलर की ताजा रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि भारत अब वैश्विक स्तर पर मोबाइल मैलवेयर हमलों की सूची में शीर्ष पर है। चौंकाने वाली बात है कि इस मामले में उसने संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा को भी पीछे छोड़ दिया है। रिपोर्ट के अनुसार कुल हमलों में से 28 प्रतिशत भारत में किए गए। इसके बाद अमेरिका में 27.3 और कनाडा में 15.9 प्रतिशत हमले हुए। इससे पहले रैनसमवेयर साइबर हमलों में 22 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली है।

चिंताजनक है कि लगभग आधे मोबाइल हमले ट्रोजन (मैलवेयर जो उपयोगकर्ताओं को दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने और चलाने के लिए प्रेरित करता है) के कारण होते हैं, इसलिए वित्तीय क्षेत्र विशेष रूप से असुरक्षित है। रिपोर्ट में बैंकिंग मैलवेयर हमलों में 29 प्रतिशत की वृद्धि और मोबाइल स्पाइवेयर हमलों में 111 प्रतिशत की चौंका देने वाली वृद्धि का खुलासा किया गया है। तेजी से डिजिटल परिवर्तन और बढ़ते साइबर खतरों के बीच उभरा चिंताजनक वैश्विक प्रवृत्ति का यह संकेत भारतीय उद्यमों के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

> भारत की साइबर सुरक्षा को मज़बूत बनाने के लिए सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (2000) और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (2023) जैसे मज़बूत कानूनी ढांचे बनाए हैं। चूंकि हैकर्स लगातार इनोवेशन करते रहते हैं, देश में साइबर सुरक्षा को मज़बूत बनाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं, जैसे कि पूर्वानुमानित खतरा विश्लेषण के लिए उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग प्रणालियों का इस्तेमाल। देश में नियमित रूप से संयुक्त साइबर अभ्यास आयोजित किए जाते हैं। राहत की बात है कि भारत ने वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024 में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ टियर 1 में रैंक हासिल किया है।

गौरतलब है कि मैलवेयर से लोगों को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियां की जाती हैं, जैसे कि उपयोगकर्ताओं की मंजूरी के बिना उनके डिवाइस पर कोई साफ्टवेयर इंस्टॉल कर देना। ये सॉफ्टवेयर, डिवाइस को नुकसान पहुंचाने वाले हो सकते हैं। जबकि रैनसमवेयर एक प्रकार का मैलवेयर है, जिसे पीड़ितों से पैसे ऐंठने के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें उनके सिस्टम पर डेटा एक्सेस करने से रोक दिया जाता है या ब्लॉक कर दिया जाता है। साइबर सुरक्षा का मकसद, कंप्यूटर सिस्टम, डिवाइस, डेटा, वित्तीय संपत्तियों, और लोगों को साइबर खतरों से बचाना है।भारत की साइबर सुरक्षा को मज़बूत बनाने के लिए सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (2000) और डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (2023) जैसे मज़बूत कानूनी ढांचे बनाए हैं। चूंकि हैकर्स लगातार इनोवेशन करते रहते हैं, देश में साइबर सुरक्षा को मज़बूत बनाने के लिए कई उपाय किए जा रहे हैं, जैसे कि पूर्वानुमानित खतरा विश्लेषण के लिए उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग प्रणालियों का इस्तेमाल। देश में नियमित रूप से संयुक्त साइबर अभ्यास आयोजित किए जाते हैं। राहत की बात है कि भारत ने वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक 2024 में अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ टियर 1 में रैंक हासिल किया है।

## अलर्ट! पहाड़ों पर बर्फबारी ठिठुरन बढ़ाएगी, श्रीनगर में –4.1 डिग्री तापमान

हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में एक बार फिर बर्फबारी होने के आसार हैं। हालांकि यह सीजन की पहली बर्फबारी नहीं होगी, लेकिन इस बार होने वाली बर्फबारी पूरे देश में ठंड का प्रकोप बढ़ाएगी। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (क्टऊ) के अनुसार, 7 दिसंबर की रात को पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हो जाएगा।

इससे 8 और 9 दिसंबर को जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे जहां दोनों राज्यों के अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी और ठंड जोर पकड़ेगी। वहीं उत्तर भारत के मैदानी राज्यों में भी शीत लहर चलने से ठंड बढ़ेगा। कई राज्यों में घना कोहरा छाने से सर्दी लगेगी। आइए जानते हैं कि दोनों राज्यों में मौसम कैसा है?

**जम्मू कश्मीर में तापमान माइनस में रिकॉर्ड**

मिली जानकारी के अनुसार, पिछले दिनों हुई बर्फबारी से जम्मू कश्मीर के ज्यादातर इलाकों में हाड़ कंपाने वाली ठंड पड़ रही है। तापमान माइनस में चला गया है। वहीं हिमाचल प्रदेश बारिश को तरस रहा है। पहाड़ों पर हल्की बर्फबारी से ठंड बढ़ी है, लेकिन मैदानी जिलों में बारिश नहीं होने से सूखा है। जम्मू कश्मीर की बात करें तो जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर शहर में बीती रात सीजन की सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। बीती रात श्रीनगर का तापमान –4.1 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। शोपियां –5.5 डिग्री सेल्सियस के साथ घाटी में सबसे ठंडा शहर रहा। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में तापमान –5.3 डिग्री रहा। बारामूला में –3.6, सोनमर्ग में –4.9 डिग्री रहा। लेह का अधिकतम तापमान 4 है और न्यूनतम तापमान –9.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। 8–9 दिसंबर को बर्फबारी–बारिश के बाद 10 से 14 दिसंबर तक मौसम शुष्क रहेगा। इसके बाद 15–16 दिसंबर को फिर पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानों में बारिश होने के आसार हैं। आज 6 दिसंबर 2024 की सुबह जम्मू कश्मीर में तापमान –15.59 त्उ रहा। दिन में न्यूनतम और अधिकतम तापमान –23.27 त्उ और –13.1 त्उ रह सकता है। हवा में 33% नमी है और हवा की स्पीड 33 किलोमीटर/घंटा है।

**हिमाचल प्रदेश के मैदानी जिले बारिश को तरसे**

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में भी 7 दिसंबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के असर से पहाड़ों पर बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों में बारिश होने से ठंड का



प्रकोप बढ़ेगा। अब से पहले हिमाचल प्रदेश में चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो चुकी है। रोहतांग, बारालाचा, कुंजम और शिंकुला दर्रे में 2 इंच तक हिमपात हो चुका है। वहीं बर्फबारी से लाहौल स्पीति और किन्नौर की सड़कें खतरनाक हो गई हैं। लाहौल स्पीति की कुछ सड़कें आवाजाही के लिए बंद भी हो चुकी हैं। वहीं अगले हफ्ते लाहौल स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, चंबा, मंडी, शिमला, कांगड़ा, मनाली में बर्फबारी होने के आसार बने हुए हैं।

हिमाचल में तापमान की बात करें तो मनाली में न्यूनतम तापमान 1.9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। शिमला में 9.2, ऊना में 5.2, कांगड़ा में 5.2, मंडी में 5.4, बिलासपुर में 5.6, पालमपुर में 5 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।

कुमकुमसेरी में –6.3, कल्पा में –0.6 तापमान चल रहा है। प्रदेश के 6 जिलों में 65 दिन से पानी नहीं बरसा। 2016 के बाद पहली बार नवंबर महीने में लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य 11 जिलों में एक भी बूंद पानी नहीं गिरा। आज 6 दिसंबर को हिमाचल में अधिकतम तापमान 16.01 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन में न्यूनतम और अधिकतम तापमान 6.11 डिग्री और 19.29 डिग्री रहने के आसार हैं।

## दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले सुरेंद्र पाल सिंह 'आप' में शामिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तिमारपुर सीट से दो बार विधायक रहे सुरेंद्र पाल सिंह बिट्टू शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। आप के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने सिंह का पार्टी में स्वागत किया और कहा कि विकास कार्यों में उनका अनुभव पार्टी की मदद करेगा।

सिसोदिया ने कहा, ''शिक्षा, स्वास्थ्य आदि के क्षेत्र में आप द्वारा जो बेहतर विकास कार्य किए गए हैं, उनसे प्रेरित होकर सिंह आज हमारी पार्टी में शामिल हो रहे हैं और मुझे विश्वास है कि उनका अनुभव पार्टी को अच्छा काम जारी रखने में मदद करेगा।'' पार्टी में शामिल होने के बाद सुरेंद्र पाल सिंह ने कहा, ''केवल एक ही पार्टी है जो आम लोगों की जरूरतों को सही मायने में समझती है और मैं आप के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा।'' वह तिमारपुर विधानसभा क्षेत्र




से दो बार विधायक रह चुके हैं। दिल्ली में अगले साल फरवरी में विधानसभा चुनाव होने हैं और 2020 के चुनावों में 70 में से 62 सीट जीतने वाली आप इस बार भी लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की उम्मीद कर रही है।

## अदाणी' मुद्दे पर हाथ में संविधान की प्रति लेकर संसद परिसर में कांग्रेस सांसदों ने निकाला मार्च

**नई दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर शुक्रवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया और मार्च निकाला। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और जवाबदेही तय किए जाने की मांग की।

हाथ में संविधान की प्रति लिए हुए कांग्रेस सांसदों ने मुंह पर काली पार्टी बांधकर प्रदर्शन किया। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा इस मार्च की अगुवाई कर रहे थे। तृणमूल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पिछले कुछ दिन की तरह आज भी इस विरोध प्रदर्शन से दूर रहीं। कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने कहा, ''आज भारतीय



संविधान के निर्माता बी. आर. आंबेडकर की पुण्यतिथि है। यहां अदाणी के लिए संवैधानिक अधिकारों का हनन किया गया है। हम सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जब अदाणी का नाम आता है तो भारत सरकार मुद्दे को भटकाने की कोशिश करती है। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अभियोग लगाए जाने के बाद कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति से आरोपों की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

बिजनेस

## 11वीं रेपो रेट में नहीं किया बदलाव, 6.5 फीसदी पर बरकरार

**मुंबई।** चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आयी शिथिलता और खुदरा महंगाई में हाल की तेजी पर कड़ी नजर रखते भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को लगातार 11वीं बार नीतिगत दरों को यथावत रखने का फैसला किया जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है।

मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार की वृद्धि के बाद पिछले वर्ष अप्रैल में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया और यह अभी भी इसी स्तर पर है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक के बाद चालू वित्त वर्ष की पांचवी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि एमपीसी ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है।

समिति के छह में से चार सदस्यों ने इस निर्णय का समर्थन किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और मौद्रिक नीति




के रूख को न्यूट्रल रखने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

उन्होंने कहा कि सभी कारकों को ध्यान में रखते हुए 2024–25 के लिए वास्तविक जीडीपी वृद्धि अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से कम कर 6.6 प्रतिशत किया गया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही 6.8 प्रतिशत और चौथी तिमाही 7.2 प्रतिशत रहने की संभावना जतायी गयी है।। अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में यह 6.9 प्रतिशत और दूसरी तिमाही में 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

**भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की मुख्य बातें** प्रमुख ब्याज दर (रेपो) 6.5 प्रतिशत पर बरकरार।आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को 'तटस्थ' पर बनाये रखा है।नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को 4.5 प्रतिशत से घटाकर चार प्रतिशत किया गया। इससे बैंकों में 1.16 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी उपलब्ध होगी।आरबीआई ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए जीडीपी वृद्धि का अनुमान 7.2 प्रतिशत से घटाकर 6.6 प्रतिशत किया । वित्त वर्ष 2024–25 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान 4.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.8 प्रतिशत किया गया।कृषि क्षेत्र के लिए गारंटी मुक्त ऋण को 1.6 लाख रुपये से बढ़ाकर दो लाख रुपये प्रति कर्जदार किया गया।एफसीएनआर (बी) जमा पर ब्याज दर की अधिकतम सीमा बढ़ाई गई।लघु वित्त बैंकों को यूपीआई के जरिये पूर्व–स्वीकृत कर्ज सुविधा की अनुमति दी गई है।

## सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में उतार–चढ़ाव

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति की घोषणा से पहले शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी में काफी उतार–चढ़ाव रहा। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 75.16 अंक की गिरावट के साथ 81,690.70 अंक पर आ गया। एनएसई निफ्टी 25.45 अंक फिसलकर 24,682.95 अंक पर रहा। बाद में दोनों सूचकांक उतार–चढ़ाव के साथ कारोबार करते रहे।

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाटा मोटर्स, लार्सन एंड टूब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी बैंक के शेयर नुकसान में रहे। आईटीसी, पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, अदाणी पोर्ट्स और भारती एयरटेल के शेयरों में तेजी आई।एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की तथा हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त के साथ कारोबार कर रहा था। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को नकारात्मक रुख



के साथ बंद हुए थे। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 72.02 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बृहस्पतिवार को लिवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 8,539.91 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## इस महीने बाजार पर बरसा विदेशी धन, इन सेक्टर्स में ताबड़तोड़ खरीदारी

**मुंबई।**शेयर बाजार में आज के कारोबार को छोड़ दें, तो पिछले कुछ दिन तेजी वाली रहे। इस तेजी की एक बड़ी वजह थी विदेशी संस्थागत निवेशकों (ाक्क्र) का हमारे बाजार पर वापस प्यार लुटाना। इस महीने के शुरुआती 4 कारोबारी दिनों में ही उन्होंने 23,500 करोड़ रुपए से ज्यादा के शेयर खरीदे डाले हैं। यहां गौर करने वाली बात यह है कि नवंबर में उन्होंने जितनी रकम मार्केट से निकाली थी, दिसंबर के चार दिनों में ही उससे ज्यादा पैसा लगा दिया है।

> विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अक्टूबर में 87,590 करोड़ रुपए से अधिक की बिकवाली की थी। इसी तरह, नवंबर में उन्होंने करीब 22,602 करोड़ रुपए हमारे बाजार से निकाले थे। इस लिहाज से देखें तो दिसंबर की शुरुआत काफी अच्छी रही है। बता दे कि भारतीय शेयर बाजार की चाल काफी हद तक आज भी विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करती है। ाक्क्र जब खरीदारी करते हैं, तो मार्केट रॉकेट बन जाता है और उनके बिकवाली करते ही इसमें गिरावट आने लगती है।

**इस पर सबसे ज्यादा भरोसा**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (ाक्क्र) ने अलग–अलग सेक्टर में निवेश किया है। एक रिपोर्ट के अनुसार, महीने के शुरुआती 4 कारोबारी दिनों में उन्होंने सबसे ज्यादा भरोसा फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर पर जताया है। उन्होंने इस सेक्टर में 9,597 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके बाद उनकी पसंद क्ळ सेक्टर रहा, जिसमें विदेशी निवेशकों ने 2,429 करोड़ रुपए का निवेश किया। तीसरे नंबर पर उन्होंने ाटॅ सेक्टर में 2,184 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।इनमें भी किया निवेश

इसी तरह, रियल्टी में 1,367 करोड़ रुपए, कैपिटल गुड्स में 681 करोड़, कंज्यूमर सर्विसेज में 471 करोड़ और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स गुड्स में 426 करोड़ रुपए का निवेश ाक्क्र ने किया है। जानकारों का मानना है कि बाजार के कई सेगमेंट का वैल्यूएशन हालिया करेक्शन के बाद आकर्षक हुआ है, इस वजह से विदेशी निवेशक वापस निवेश कर रहे




हैं। इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप के चीन विरोधी रुख को ध्यान में रखते हुए निवेशकों की भारत में दिलचस्पी भी बढ़ी है।

**पहले निकाला था इतना पैसा**

विदेशी संस्थागत निवेशकों ने अक्टूबर में 87,590 करोड़ रुपए से अधिक की बिकवाली की थी। इसी तरह, नवंबर में उन्होंने करीब 22,602 करोड़ रुपए हमारे बाजार से निकाले थे।

इस लिहाज से देखें तो दिसंबर की शुरुआत काफी अच्छी रही है। बता दें कि भारतीय शेयर बाजार की चाल काफी हद तक आज भी विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करती है। ाक्क्र जब खरीदारी करते हैं, तो मार्केट रॉकेट बन जाता है और उनके बिकवाली करते ही इसमें गिरावट आने लगती है।

सब का सपना

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा आर्यावर्त प्रिंटर्स सौम्या सदन गोकुल बिहार, अमरोहा उत्तर प्रदेश 244221 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक : अनुज कुमार
R.N.I. No. : UPHIN/2023/86483
मोबाइल नंबर
9456884327
E-Mail :- Officialsabkasapna@gmail.com
www.sabkasapna.com

नोट– समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।

# भारत ने पाकिस्तान को हराकर पांचवां खिताब जीता

**नई दिल्ली**

भारतीय हॉकी टीम ने मस्कट में फाइनल में पाकिस्तान को 5–3 से हराकर पुरुष जूनियर एशिया कप में खिताब की हैट्रिक बनाई। इसके साथ भारत ने पांचवां खिताब जीत लिया है। भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंदल ने दमदार प्रदर्शन किया, उन्होंने मैच में चार गोल दागे, जबकि दिलराज सिंह ने एक गोल किया। पाकिस्तान की ओर से सुफयान खान ने दो और हन्नान शाहिद ने एक गोल किया। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत का पांचवां खिताब है। इससे पहले भारत ने 2004, 2008, 2015 और 2023 में यह खिताब जीता था।

हुंडल ने चौथे, 18वें और 54वें मिनट में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 47वें मिनट में मैदानी गोल दागा। भारत के लिए एक अन्य गोल दिलराज सिंह (19वें मिनट) ने किया। पाकिस्तान के लिए सूफियान खान (30वें और 39वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि हन्नान शाहिद ने तीसरे मिनट में मैदानी गोल किया। इससे पहले



जापान ने मलेशिया को 2–1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। कोविड–19 महामारी के कारण यह टूर्नामेंट 2021 में आयोजित नहीं किया गया।

पाकिस्तान ने मुकाबले की अच्छी शुरुआत की और तीसरे मिनट में ही शाहिद के मैदानी गोल से बढ़त बना ली। भारत ने कुछ सेकेंड बाद ही अपना पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल कर लिया जिससे हुंडल ने शक्तिशाली ड्रैग फ्लिक पर पाकिस्तान के गोलकीपर के दाईं ओर से गोल में पहुंचाकर टीम को बराबरी दिला दी।

दूसरे क्वार्टर में भारत ने अपने खेल में सुधार किया और 18वें मिनट में अपना दूसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया जिससे हुंडल ने गोल में बदला। एक मिनट बाद दिलराज के एक बेहतरीन मैदानी गोल करके भारत की बढ़त को 3–1 कर दिया।

पाकिस्तान ने 30वें मिनट में सूफियान के पेनल्टी कॉर्नर पर दागे गोल से स्कोर 2–3 किया। सूफियान ने 39वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर पाकिस्तान को बराबरी दिला दी। भारत ने अंतिम क्वार्टर में 47वें मिनट में अपना तीसरा पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया लेकिन हुंडल के शॉट को पाकिस्तान के गोलकीपर मुहम्मद जंजुआ ने बचा लिया। हुंडल ने हालांकि कुछ सेकंड बाद ही मैदानी गोल दागकर भारत को फिर से बढ़त दिला दी। भारत ने अंतिम 10 मिनट में पाकिस्तान पर कड़ा दबाव बनाया और कुछ और पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और हुंडल ने एक बार फिर बेहतरीन वैरिएशन से गोल करके टीम की 5–3 से जीत सुनिश्चित की।



# पिछली 11 पारियों में सिर्फ एक फिफ्टी, कप्तान रोहित शर्मा की फॉर्म ने बढ़ाई टेंशन

**नई दिल्ली**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में पहली बार खेलने उतरे। रोहित अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण पहले मैच का हिस्सा नहीं थे, हालांकि दूसरे मैच के लिए उन्होंने अपनी बैटिंग पोजिशन में बदलाव किया था लेकिन ये फैसला उनके हक में नहीं गया और वह सस्ते में पवेलियन लौट गए। पिछली 11 पारियों में रोहित शर्मा ने सिर्फ अर्धशतक लगाया है, जिसमें सात बार वह दहाई का आंकड़ा भी नहीं पार कर सके हैं।एडिलेड में रोहित शर्मा पहली पारी में छठे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे लेकिन वह कुछ कमाल नहीं दिखा सके। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में रोहित शर्मा ने 23 गेंद में तीन रन बनाए। उन्हें स्कॉट बोलैंड ने पवेलियन का रास्ता दिखाया। रोहित ने अपनी जगह केएल राहुल को ओपनिंग करने का मौका दिया, क्योंकि पहले मैच में उन्होंने यशस्वी के साथ मिलकर टीम को अच्छी शुरुआत दी थी। शुभमन गिल के आउट होने के बाद रोहित शर्मा 22वें ओवर में बल्लेबाजी के लिए उतरे। रोहित ने पारी की शुरुआत अच्छी की थी और लय में नजर आ रहे थे।हालांकि बोलैंड ने उनकी पारी को ज्यादा देर तक चलने नहीं दिया और एलबीडब्ल्यू किया। रोहित का विकेट गिरने के साथ भारत के 87 के स्कोर पर आधी टीम पवेलियन लौट गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क ने छह विकेट लिये और स्कॉट बोलैंड और पैट कमिंस को दो–दो विकेट मिले।भारत एक विकेट पर 69 रन बनाकर अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन स्टार्क ने सलामी बल्लेबाज राहुल (64 गेंद पर 37 रन) और विराट कोहली (आठ गेंद पर सात रन) को जल्दी–जल्दी आउट कर ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी कर दिया। राहुल और शुभमन गिल (51 गेंदों पर 31 रन) ने इससे पहले दूसरे विकेट के लिए 69 रन की साझेदारी की।

# ऑस्ट्रेलिया ने एडिलेड में भारत को बैकफुट पर धकेला

**नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन पैट कमिंस के नेतृत्व वाली टीम ने मजबूत पकड़ बना ली है। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 180 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने एक बार फिर भारत को मुश्किलों से उबारा। उनकी 54 गेंद में 42 रनों की पारी की बदौलत भारत 150 के पार पहुंचने में कामयाब हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में एक विकेट खोकर 85 रन बना लिए हैं। मेजबान टीम अब भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 94 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ उस्मान ख्वाजा (13) का विकेट गंवाया है, जिन्हें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी 38 जबकि मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं।



स्टार्क ने इससे पहले गुलाबी गेंद से पहली बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए, जिससे भारतीय टीम सिर्फ 44.1 ओवर में 180 रन पर ढेर हो गई। उन्हें कप्तान पैट कमिंस (41 रन पर दो विकेट) और स्कॉट बोलैंड (54 रन पर दो विकेट) का अच्छा साथ मिला जिन्होंने दो–दो विकेट चटकाए।

भारतीय टीम नितीश कुमार रेड्डी (54 गेंद में 42 रन, तीन छक्के, तीन चौके) की आक्रमक पारी की बदौलत 150 रन के आंकड़े को पार कर पाई।

# ख्वाजा को आउट करते हुए ही बुमराह ने मारी कपिल देव–जहीर के क्लब में धाकड़ एंट्री

**नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की सीरीज का दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जा रहा है। मैच के पहले दिन भारतीय टीम 180 रनों पर ऑलआउट हो गई, जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 24 रनों पर पहला विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को 13 रनों के निजी स्कोर पर आउट किया। यह साल 2024 में टेस्ट क्रिकेट में बुमराह का 50वां विकेट था। टेस्ट क्रिकेट में इस तरह से भारत की ओर से एक साल में 50 या इससे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में तीसरा नाम जुड़ गया है। इस लिस्ट में बुमराह से पहले कपिल देव और जहीर खान का ही नाम शामिल था। कपिल देव यह कारनामा दो



बार कर चुके हैं, जबकि एक बार जहीर खान ने ऐसा किया है। 1979 और 1983 में कपिल देव क्रम से 74 और 75 विकेट ले चुके हैं, वहीं 2002 में जहीर खान ने 51 टेस्ट विकेट चटकाए थे। बुमराह के खाते में 2024 में 50 विकेट दर्ज हो चुके हैं, लेकिन इस साल में अभी टीम इंडिया को दो टेस्ट मैच और खेलने हैं, जबकि एक टेस्ट जारी है।

# मोहम्मद सिराज ने फेंकी 181.6 kmph स्पीड से गेंद

**नई दिल्ली**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच शुक्रवार से पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मैच शुरू हो गया है। पहले दिन ऑस्ट्रेलिया का दबदबाद देखने को मिली है। मिचेल स्टार्क ने 6 विकेट लेकर टीम इंडिया की पहली पारी को 180 के स्कोर पर रोकने में अहम भूमिका निभाई। भारत की ओर से केएल राहुल (37), शुभमन गिल (31) और नीतीश रेड्डी (42) ने अच्छी पारी खेली। भारतीय बल्लेबाजों की तरह पहले दिन के आखिरी सेशन में गेंदबाजों ने भी निराश किया और सिर्फ एक विकेट हासिल कर सके। ऑस्ट्रेलिया की पारी के दौरान मोहम्मद सिराज की एक गेंद की स्पीड 181.6 किमी/घंटा दिखाई दी, जिसे देखकर हर कोई चौंक गया, हालांकि बाद में पता चला कि ये तकनीकी गड़बड़ी के कारण ऐसा हुआ।

ऑस्ट्रेलिया की पारी के 24वें ओवर में मोहम्मद सिराज की एक गेंद की स्पीड 181.6 किमी/घंटा नजर आई, जिसे देखकर किसी को विश्वास नहीं हुआ। सिराज की स्पीड को लेकर सोशल मीडिया पर मीम्स की बाढ़ आ गई है। उनके ही ओवर में ही



ऑस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन और सिराज के बीच कहासुनी देखने को मिली। दरअसल साइट स्क्रीन के पास एक दर्शक जा रहा था, जिसे देखकर मार्नस अपना ध्यान भटका बैठे और उन्होंने सिराज को गेंद डालने से रोक दिया, जिससे सिराज नाखुस दिखे और जानबूझकर गेंद को स्टंप की तरफ फेंका। हालांकि गेंद सीधे कीपर के हाथों में चली गई।ऑस्ट्रेलिया ने पिंक बॉल टेस्ट के पहले दिन पहली पारी में एक विकेट पर 86 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा। मेजबान टीम अब भारत के पहली पारी के स्कोर से सिर्फ 94 रन से पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलिया ने सिर्फ उस्मान ख्वाजा (13) का विकेट गंवाया है, जिन्हें जसप्रीत बुमराह (13 रन पर एक विकेट) ने स्लिप में कप्तान रोहित शर्मा के हाथों कैच कराया। स्टंप के समय सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी 38 जबकि मार्नस लाबुशेन 20 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों दूसरे विकेट के लिए 62 रन जोड़ चुके हैं।

## जरूरी खबरें

# पीवी सिंधू की शादी की डेट हुई फिक्स



**नई दिल्ली:** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू 22 दिसंबर को उदयपुर में शादी के बंधन में बंधेंगी। रविवार को लखनऊ में सैयद मोदी इंटरनेशनल में जीत के साथ लंबे समय के खिताब के सूखे को खत्म करने वाली पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू हैदराबाद में रहने वाले वेंकट दत्ता साई से शादी करेंगी जो पोसाइडेक्स टेक्नोलॉजीस में कार्यकारी निदेशक हैं।

सिंधू के पिता पीवी रमना ने पीटीआई को बताया, ''दोनों परिवार एक–दूसरे को जानते थे लेकिन एक महीने पहले ही सब कुछ तय हुआ। यह एकमात्र संभावित समय था क्योंकि जनवरी से उसका (सिंधू का) कार्यक्रम काफी व्यस्त रहने वाला है।'' उन्होंने कहा, ''यही कारण है कि दोनों परिवारों ने 22 दिसंबर को शादी समारोह आयोजित करने का फैसला किया। रिसेप्शन 24 दिसंबर को हैदराबाद में होगा। वह जल्द ही अपनी ट्रेनिंग शुरू कर देंगी क्योंकि अगला सत्र काफी महत्वपूर्ण होने वाला है।'' शादी से जुड़े कार्यक्रम 20 दिसंबर से शुरू होंगे।

सिंधू को भारत की सबसे दिग्गज खिलाड़ियों में से एक माना जाता है जिन्होंने 2019 में स्वर्ण सहित विश्व चैंपियनशिप में पांच पदक जीते हैं। इसके अलावा उन्होंने ओलंपिक खेलों में रजत और कांस्य पदक भी जीता है। इस चैंपियन बैडमिंटन खिलाड़ी ने रियो 2016 और टोक्यो 2020 में लगातार ओलंपिक पदक जीते और 2017 में करियर की सर्वश्रेष्ठ विश्व रैंकिंग नंबर दो हासिल की।

# नोवाक जोकोविच ने कर दिया खुलासा क्यों हमउम्र एंडी मरे को उन्होंने चुना अपना कोच



**नई दिल्ली:** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा कि उन्होंने अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी एंडी मरे को इसलिए अपना कोच नियुक्त किया क्योंकि वह ब्रिटेन के इस पूर्व खिलाड़ी को अच्छी तरह से जानते हैं। पिछले छह महीने से बिना कोच के खेलने वाले जोकोविच अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच खेलने के लिए वहां गए हैं। उन्होंने और मरे ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वे जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए एक साथ काम करने का प्लान बना रहे हैं।जोकोविच ने डेल पोत्रो के खिलाफ मैच से कहा, 'जब मैं जूनियर कैटेगरी में खेला करता था तब से मैंने उनके खिलाफ काफी टेनिस खेली है और ऐसे बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं।' जोकोविच 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। उन्होंने टेनिस इतिहास में किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में नंबर एक पर सबसे अधिक सप्ताह बिताए हैं। मरे ने तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और दो ओलंपिक सिंगल्स गोल्ड मेडल जीते हैं। वह 2016 में एटीपी रैंकिंग में टॉप पर रहे। उन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लिया था।'मरे और जोकोविच दोनों 37 साल के हैं और वे मई 1987 में एक सप्ताह के अंतर पर पैदा हुए थे। वे जूनियर कैटेगरी से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं।

पेशेवर खिलाड़ी के रूप में इन दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 36 मैच खेले जिनमें जोकोविच ने 25 और मरे ने 11 मैच में जीत दर्ज की।मार्च में गोरान इवानिसेविच से अलग होने के बाद से फुल–टाइम कोच के बिना खेल रहे जोकोविच ने कहा, 'वह मेरे खेल और जिन परिस्थितियों से मैं गुजरा हूं उन्हें अच्छी तरह से समझता है।



# लक्ष्य सेन ने पहली बार जीता सैयद मोदी इंटरनेशनल, 31 मिनट में खिताबी मुकाबला किया अपने नाम

**नई दिल्ली:** पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूके लक्ष्य सेन ने रविवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। बाबू बनारसी दास स्पोर्टस अकादमी के इंडोर स्टेडियम में आज दो लाख दस हजार अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाली चैंपियनशिप के खिताबी मुकाबले खेले गये, जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से पहले महिला युगल का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने जीता हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल का खिताब जीतने से भारतीय जोड़ियां चूक गयीं।टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने सिंगापुर के चौथी वरीय जिया हेंग जैसन को सीधे गेम में 21–6,21–7 से हरा कर पहली बार सैयद मोदी बैडमिंटन का खिताब अपने नाम किया है। लक्ष्य को पहला गेम जीतने में मात्र 12 मिनट लगे जबकि दूसरे गेम में उन्होने 16 मिनट में अपने नाम किया।

पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने से चूके लक्ष्य सेन ने रविवार को सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया। खिताबी मुकाबले खेले गये, जिसमें लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु से पहले महिला युगल का खिताब दूसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा जौली और गायत्री गोपीचंद ने जीता हालांकि मिश्रित युगल और पुरुष युगल का खिताब जीतने से भारतीय जोड़ियां चूक गयीं।

# बॉलीवुड तड़का



## अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 ने पहले ही दिन तोड़े रिकॉर्ड्स

**अल्लू अर्जुन की** मच अवेटेड मूवी पुष्पा 2 ने पहले ही दिन इंडियन बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। फिल्म ने कई पुराने रिकॉर्ड्स धराशाई किए हैं। पुष्पा 2 भारत की सबसे बड़ी ओपनिंग बन गई है। इसके अलावा वर्ल्ड वाइड कलेक्शन में भी पुष्पा अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग वाली भारतीय फिल्म है। इंट्रेस्टिंग बात है कि पुष्पा 2 को साउथ और नॉर्थ दोनों तरफ जमकर प्यार मिला है। यह पहली फिल्म है जिसने 2 भाषाओं में 50 करोड़ नेट से ज्यादा कमाई की है।



**ओपनिंग में फ्फ्फ्को किया पीछे**

अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की फिल्म पुष्पा 2 पर बॉक्स ऑफिस पर छप्पर फाड़ पैसों की बारिश हो रही है। पुष्पा 2 ने पहले दिन भारत में सभी भाषाओं में 175 करोड़ से ज्यादा की है। इसने यहां फ्फ्फ्का रिकॉर्ड तोड़ा है जिसकी कमाई 156 करोड़ ग्रॉस थी।

वर्ल्ड वाइड कमाई की बात करें तो यह रिकॉर्ड भी पुष्पा के नाम हो गया है। इसने यहां भी फ्फ्फ( 223 ग्रॉस ) को बीट किया है और ओपनिंग डे पर 250 करोड़ रुपये के करीब कमाई की है।

पुष्पा 2 शाहरुख खान की जवान को बीट करके सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म बन चुकी है। जवान ने पहले दिन 65 करोड़ रुपये कमाए थे वहीं पुष्पा 2 द रूल ने पहले दिन हिंदी भाषा में 67 करोड़ के आसपास कमाई की।

**दोनों भाषाओं में बंपर कमाई**

पुष्पा 2 का हिंदी और तेलुगु दोनों दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज दिखा। यह पहली फिल्म है जिसने पहले ही दिन हिंदी-तेलुगु दोनों भाषाओं में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली।

**भारत की सबसे बड़ी ओपनिंग**

पुष्पा 2 200 करोड़ से ज्यादा ओपनिंग (प्रीमियर को जोड़कर) करके भारत की ओपनिंग मूवी बन चुकी है।

2024 में ओवरसीज सबसे बड़ी ओपनर प्रभास की कल्कि एडी 2898 थी। साल के जाते-जाते पुष्पा 2 द रूल ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**अल्लू अर्जुन की सबसे बड़ी ओपनिंगः** पुष्पा 2 डोमेस्टिक, ओवरसीज और वर्ल्ड वाइड बॉक्स ऑफिस में अल्लू अर्जुन की सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म बन गई है।

**रश्मिका की सबसे बड़ी फिल्मः** पुष्पा 2 रश्मिका मंदाना की भी डोमेस्टिक, ओवरसीज और वर्ल्ड वाइड सबसे बड़ी ओपनिंग फिल्म है।

**हिंदी में साउथ का जलवाः** पुष्पा 2 ओपनिंग डे पर हिंदी बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली साउथ फिल्म बन चुकी है।

## अंबानी परिवार के बेटे-बहू की स्टाइल की दुनिया हुई दीवानी



मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी ने इस साल राधिका मर्चेंट से शादी की थी. ये शादी इस साल की सबसे ज्यादा चर्चित शादी थि जो टॉप ऑफ द टाउन रही. ये कहना गलत नहीं होगा कि ये साल अंबानी परिवार और खासकर अनंत-राधिका के लिए बेहद खास रहा. वहीं, अब अपनी शादी और प्री-वेडिंग फंक्शंस के चलते राधिका और अनंत इंटरनेशनल लेवल पर पॉपुलर हो चुके हैं. ये कैसे हुआ, चलिए आपको बताते हैं.

**अनंत-राधिका के नाम ये रिकॉर्ड**

साल 2024 में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट सबसे ज्यादा चर्चे में रहने वाले सेलिब्रिटीज हैं. जिसकी वजह से इस कपल ने मोस्ट स्टाइलिश पीपल की लिस्ट में जगह बना ली है. इसका सबूत हाल ही में न्यूयॉर्क टाइम्स द्वारा जारी की गई 2024 के मोस्ट स्टाइलिश पीपल की लिस्ट है. दोनों के प्री वेडिंग के लुक ने इन्हें इस लिस्ट में शामिल कर लिया. न्यूयॉर्क टाइम्स ने लिस्ट में राधिका मर्चेंट और अनंत अंबानी को 63 लोगों की इस लिस्ट में शामिल करते हुए लिखा- 'एक रेड कार्पेट.. पॉप्सिकल्स के साइज के एमेराल्ड्स और रिहाना. उनकी प्री-वेडिंग सेलिब्रेशनंस में ये सबकुछ था.' इस लिस्ट में राधिका और अनंत के अलावा बेयोंसे, जेंदया, एडेल, चार्ली एक्ससीएक्सजैसे इंटरनेशनल सेलेब्स के नाम शामिल हैं.

राधिका और अनंत ने अपनी शादी मऔर प्री-वेडिंग फंक्शंस में बेहद ही खूबसूरत और स्टाइलिश लुक रखा था. राधिका का हर लुक बहुत खास था और उन्होंने अपनी शादी में पुराने और नए फैशन को मिक्स किया था. उन्होंने अपनी शादी में एक खास लहंगा पहना था, जिसमें हाथ से पेंट किए गए डिजाइन थे और सोनी की जदोजी कढ़ाई भी थी. वहीं अनंत की शेरवानी भी बेहद शानदार थी, उसमें भी सोनी की जदोजी कढ़ाई का काम किया गया था और साइड में हाथी वाले ब्रोच ने लोगों का ध्यान खिंचा. वहीं हर एक फंक्शन के लिए कपल ने पारंपरिक लुक को कैरी किया था.

## एक्ट्रेसेस के प्राइवेट वीडियो लीक

**तेलुगु में 'लग्गम' पिछले महीने 22 नवंबर को ही रिलीज हुई है.**



**सोशल मीडिया** पर पिछले कुछ समय से एक्ट्रेसेस के प्राइवेट वीडियो लीक होने के कई मामले सामने आए है. खासकर पाकिस्तानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर तो कभी यूट्यूबर्स के प्राइवेट वीडियो लगातार लीक हो रहे हैं. इस बीच अब एक और एक्ट्रेस का निजी वीडियो लीक हो गया है और सोशल मीडिया पर खुब घूम रहा है. चलिए जानते हैं कौन है ये एक्ट्रेस और कैसे उनका प्राइवेट टटर ऑनलाइन लीक हो गया.

जिस एक्ट्रेस के प्राइवेट वीडियो से सनसनी मच गई हैं वो तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की प्रज्ञा नागरा हैं. एक्ट्रेस का एक कथित प्राइवेट वीडियो ऑनलाइन लीक होने के बाद वो विवादों में फंस गई हैं.

वीडियो में कथित तौर पर एक्ट्रेस को आपत्तिजनक स्थिति में देखा जा रहा है. हालांकि अभी तक एक्ट्रेस या फिर उनकी टीम की ओर से इस वीडियो को लेकर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई है.

बता दें, प्रज्ञा नागरा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की जानी मानी एक्ट्रेस हैं. उन्होंने साल 2022 में 'वरलारु मुकियम'से एक्टिंग में डेब्यू किया था. इसके बाद उन्होंने साल 2023 में मलयालम फिल्म 'नधिकालिल सुंदरी यमुना' में देखा गया था. इसके अलाना एक्ट्रेस को तमिल फिल्म ठ4 में भी देखा गया. वहीं एक्ट्रेस की तेलुगु में 'लग्गम' पिछले महीने 22 नवंबर को ही रिलीज हुई है. उनके इंस्टाग्राम पर लगभग 1.1 मिलियन फॉलोअर्स हैं.



## मियां-बीवी को साथ देख तलाक करवाने वालों की बोलती हुई बंद

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन ने साल 2007 में शादी की थी. इन दोनों की शादी पूरे रीति रिवाज के साथ बड़े ही धूम- धाम से हुई थी. दोनों की शादी में करोड़ों रुपए खर्च हुए थे. इनकी शादी चर्चित शादियों में से एक थी. वहीं शादी के बाद से ही ये कपल पावर कप्लस कहलाते हैं. दोनों की जोड़ी को फैंस खूब पसंद करते हैं. हालांकि बीते कुछ दिनों से दोनों के रिश्ते को लेकर सोशल मीडिया पर तरह-तरह की खबरें सुनने को मिल रही है. लोग दोनों के रिश्तों पर आए दिन मनगढंत और झूठी कहानियां बना रहे हैं. हालांकि, इस कपल ने कभी भी इस बारे में खुलकर बात नहीं की, लेकिन यह अनुमान लगाया गया कि बच्चन परिवार में पारिवारिक विवाद चल रहा हैइसी बीच हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ ऐसा देखने को मिल रहा है, जिसे देख अफवाहें फैलाने वाले लोगों की बोलती बंद हो गई है. दरअसल, इंटरनेट पर इस वक्त एक तस्वीर धड़ल्ले से वायरल हो रही है, जिसमें ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन एक साथ नजर आ रहे हैं. इस दौरान ऐश्वर्या की मां बृंदा राय भी कपल के साथ दिखाई दे रही हैं. सबसे खास बात यह है कि इस फोटो में सभी के चेहरे पर एक खास स्माइल देखने को मिल रही है.

## गुम है किसी के प्यार में' कोर्ट में उड़ेगी आशका की धज्जियां, सौतन के लिए रजत का प्यार देख टूट जाएगी सवि



'गुम है किसी के प्यार में' शो दर्शकों के दिलों-दिमाग पर कब्जा किया हुआ है. शो में आए दिन ट्विस्ट पर ट्विस्ट आ रहे हैं. शो की कहानी दिन पर दिन दिलचस्प होती जा रही है. इस शो में सवि और रजत की जोड़ी और एक्टिंग दोनों को ही दर्शक खूब एंजॉय कर रहें हैं. वहीं शो के आने वाले एपिसोड में एक साथ कई महाट्विस्ट आने वाले हैं.

'गुम है किसी के प्यार में' में आने वाले एपिसोड में आप देखेंगे कि आशका रो-रोकर कोर्ट को बताएगी कि सवि और बाकी लोगों ने उनपर झूठा इल्जाम लगाया है. इसके बाद सवि की तरफ से केस लड रहा जगताप आशका से कहेगा कि मैंने आपकी एक्टिंग देखी है. आप एक्टिंग बहुत अच्छी करती हैं. इसके बाद जगताप, आशका से सवाल करेगा कि आपके बॉयफ्रेंड ने आपके बेटे को कार गिफ्ट की, साथ ही आप भी उसका यूज करती होंगी.

## ममता कुलकर्णी हिंदी सिनेमा का एक नामी चेहरे जो 90 के दशक में बेहद पॉपुलर था

**एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी** इन दिनों फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। इस वक्त ममता इंडिया में हैं और उन्होंने खुद बताया है कि वो भारत क्यों वापस आई हैं। हालांकि एक समय था जब ममता अपनी लाइफ को लेकर चर्चा में रहती थी।

हमेशा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहने वाली एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी इन दिनों फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। दरअसल, हाल ही में एक्ट्रेस वापस आ गई हैं। इंडिया आते ही ममता ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया और बताया कि वो भारत क्यों आई हैं। सोशल मीडिया पर ममता का ये वीडियो वायरल भी हो रहा है। इस बीच अब आपको बताते हैं कि ममता कब-कब अपनी लाइफ को लेकर चर्चा में रही हैं?90 के दशक की पॉपुलर हसीना

> ममता ने जब इंडस्ट्री में सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही थीं, तब स्टार्स से लेकर फैंस को भरोसा होने लगा था कि ये बहुत ऊपर तक जाएंगी। हालांकि एक तरफ तो ये हो रहा था। ममता की पॉपुलैरिटी जितनी ऊपर जा रही थी उतनी ही उनकी लाइफ कंट्रोवर्सीज में फंसती जा रही थी और धीरे-धीरे को कंट्रोवर्सीज में ही जा फंसी। कभी एक्ट्रेस का टॉपलेस फोटोशूट सुर्खियों में आया, तो कभी अंडरवर्ल्ड के साथ उनके कनेक्शन चर्चा में रहे।

ममता कुलकर्णी यानी हिंदी सिनेमा का एक नामी चेहरे, जो 90 के दशक में बेहद पॉपुलर था। ममता सिर्फ अपनी एक्टिंग को लेकर ही मशहूर नहीं थी बल्कि उनका अंदाज और ग्लैमर भी खूब पॉपलुर था और शायद इसीलिए उनकी लाइफ की स्टोरी किसी फिल्म की कहानी से कम नहीं थी।

ममता ने जब इंडस्ट्री में सफलता की सीढ़ियां चढ़ रही थीं, तब स्टार्स से लेकर फैंस को भरोसा होने लगा था कि ये बहुत ऊपर तक जाएंगी। हालांकि एक तरफ तो ये हो रहा था। कंट्रोवर्सीज में रहीं ममता कुलकर्णी ममता की पॉपुलैरिटी जितनी ऊपर जा रही थी उतनी ही उनकी लाइफ कंट्रोवर्सीज में फंसती जा रही थी और धीरे-धीरे को कंट्रोवर्सीज में ही जा फंसी। कभी एक्ट्रेस का टॉपलेस फोटोशूट सुर्खियों में आया, तो कभी अंडरवर्ल्ड के साथ उनके कनेक्शन चर्चा में रहे।

जी हां, इसका खुलासा खुद ममता ने किया है। उन्होंने बताया कि वो सिंगल हैं और उन्होंने किसी ने शादी नहीं की है। दरअसल, भारत वापस आने के बाद ममता ने ठी६२18 को दिए एक इंटरव्यू में इसका खुलासा किया है।

इस दौरान एक्ट्रेस ने कहा कि विक्की मेरे पति नहीं है और मैंने किसी से शादी नहीं की, मैं अभी भी सिंगल हूं। उन्होंने कहा कि हां हमारे बीच रिश्ता था, लेकिन मैंने चार साल पहले ही उन्हें ब्लॉक कर दिया।विक्की एक अच्छा इंसान है- ममता

इतना ही नहीं बल्कि इस दौरान उन्होंने विक्की की तारीफ करते हुए कहा कि विक्की एक अच्छा इंसान है और उसका दिल साफ है। फिल्मी दुनिया के तमाम लोग उनसे मिलते हैं और इसलिए मैं भी उनसे मिलने गई थीं। एक्ट्रेस ने कहा कि फिल्मी दुनिया से विक्की से मिलने वाली मैं आखिरी शख्स थी क्योंकि जब मुझे उसके सच का पता लगा तो मैंने उसे छोड़ दिया।

